■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-33)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 18 सितंबर, 2023



▶ जबरन भरा मांग में सिंदूर, किया धर्मांतरण | ▶ सीएम की वाट्सएप से होगी सीधी बात जनता की | ▶ विश्व कप से पहले लय में बने रहने के लिए एशिया कप जीतना अहम : गिल

## न्यूज संक्षिप्त

### भारत आ रहा है खतरनाक रूसी लड़ाकू विमान सुखोई-30

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना एक बार फिर से रूस के सबसे घातक, ताकतवार और जंगबाज लड़ाकू विमान को अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। इसका कोडनेम ज़्लैंकर-एच है। भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 12 सुखोई-30 एमकेआई को खरीदने के लिए 11,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाने को मंजूरी दी है। इससे भारतीय वायु सेना के स्क्वायड्रन को मजबूती मिलेगी। चीन और पाकिस्तान के हौसले को भी पस्त करने में मदद मिलेगी। सुखोई-30 एमकेआई भारतीय वायु सेना का सबसे प्रमुख लड़ाकू विमान है। चीन हो या पाकिस्तान भारत के इस लड़ाकू विमान का तोड़ किसी के पास नहीं है। फिर चाहे इस विमान के चपलता की बात हो या फिर तेजी की।

### कैंसर अस्पताल से पीजीआई तक शुरू हुई सिटी बस

लखनऊ। अहिमामऊ स्थित कैंसर हॉस्पिटल से चारबाग होते हुए पीजीआई तक सफर करने वाले मरीजों और रोज सफर करने वाले यात्रियों की सहूलियत के लिए सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी के निर्देश पर कैंसर अस्पताल से पीजीआई तक सिटी बसें शुरू की गई हैं।दुबग्गा डिपो के एआरएम ज्ञान चंद्र ने बताया कि बसों की समय सारणी और किराया तय करके बसों का संचालन शुरू हो गया है। चक गजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि निदेशक डा. आर. के. धीमान के निर्देशन में मरीजों के हितों में काम किया जा रहा है।प्रदेश सरकार के नगरीय परिवहन निदेशालय ने कैंसर मरीजों को तोहफा दिया है। कैंसर इंस्टीट्यूट से सुबह 7.23 बजे, 7.53 बजे, 10.19 बजे, दोपहर 1.15 बजे, 1.45 बजे तथा पीजीआई से सुबह 8.51 बजे, 9.21 बजे, 11.47 बजे, दोपहर 12.17 बजे, 2.43 बजे, 3.13 बजे किया जाएगा।


### अमेजन वर्षा वन में दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान, 14 लोगों की मौत

रियो डी जिनेरियो। ब्राजील के अमेजन वर्षा वन में शनिवार को एक छोटे यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई। अमेजोनास प्रांत के गवर्नर विल्सन लीमा ने यह जानकारी दी। लीमा ने सोशल मीडिया साइट 'एज़्स' पर लिखा, "मुझे बार्सिलोस में हुए विमान हादसे में 12 यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों की मौत पर गहरा दुख है।" स्थानीय मीडिया ने बताया कि 'एज़्ब्रेयर पीटी-एसओजी' विमान ने अमेजोनास प्रांत की राजधानी मनौस से उड़ान भरी थी, लेकिन भारी बारिश में उतरने का प्रयास करते समय वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### संजय गांधी अस्पताल के सीईओ व तीन डॉक्टरों पर केस

अमेठी । अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में बेहोश हुई महिला की इलाज के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने आखिरकार अस्पताल सीईओ व तीन चिकित्सकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है। अस्पताल गेट के सामने रविवार की भोर तक प्रदर्शन चला। एसडीएम और सीओ ने तहरीर पर केस दर्ज करने और मांग पत्र को शासन स्तर तक भेजकर मदद कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन घर गए और गांव में अंतिम संस्कार किया।कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के गांव पांडेय का पुरवा मजरे राम शाहपुर निवासी अनुज शुक्ला की पत्नी दिव्या को 14 सितंबर को पथरी का ऑपरेशन करने के लिए संजय गांधी अस्पताल लाए थे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के जरिए मिलेगा तीन लाख तक का लोन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन यानी 17 सितंबर को इस योजना की शुरुआत की है। केंद्र सरकार ने इस योजना का ऐलान 2023 24 की केंद्रीय बजट में किया था। बजट में ऐलान के बाद लाल किले पर से बोलते हुए स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी उन्होंने घोषणा की थी कि इस योजना को जल्दी लॉन्च किया जाएगा। इस योजना को अगस्त के महीने में कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिली थी। बता दें कि विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार 13000 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर पारंपरिक कौशल वाले समुदाय से जुड़े लोगों की मदद करेगी।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जरिए पारंपरिक कौशल रखने वाले लोगों जैसे सुनार, लोहार, नाई, चर्मकार आदि को कई तरह के फायदे मिलेंगे। बता दें कि इस योजना के तहत विश्वकर्मा समुदाय से जुड़े लोगों को पहले चरण में एक लाख तक और दूसरे चरण में दो लाख तक का लोन दिया जाएगा। इन लोगों को यह लोन सिर्फ पांच फीसदी की की ब्याज दर पर मिलेगा। योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता मैं सुधार करने और उसे वैश्विक स्तर पर पहुंचने में भी मदद दी जाएगी।

इस योजना के तहत कुल ?300000 तक का लोन दिया जा सकेगा। पहली बार में ?100000 का और दूसरी बार में ?200000 तक का लोन प्रदान किया जाएगा। योजना के जरिए डिजिटल लेनदेन का प्रोत्साहन भी किया जाएगा। बता दें कि यह योजना 18 पारंपरिक कौशल वाली व्यवसायों के लिए शुरू की गई है जिससे कारीगरों और शिल्पकारों को मदद मिलेगी। बता दें कि कारपेंटर, नाव बनाने वाले ताला बनाने वाले लोहार सुंदर मिट्टी के बर्तन कुमार मूर्तिकार मछली का दाल बनाने वाले राजमिस्त्री खिलौने बनाने वाले समेत कई तरह के काम करने वाले कारीगरों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना की शुरुआत करने का मकसद है कि कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से मदद दी जा सके। साथ ही सनी उत्पादों शिल्प के जरिए भारत की परंपरा संस्कृति को भी विकसित किया जाए।

इस योजना के तहत ट्रेड में लोगों के कौशल को निखारने के लिए ट्रेनिंग दिए जाने की व्यवस्था भी की गई है। इस योजना के लाभार्थियों को स्किल ट्रेनिंग के साथ ही सरकार ?500 प्रतिदिन स्टाइपेंड भी देगी। साथी योजना के लाभ भारतीयों को ?15000 का टूल किट प्रोत्साहन भी दिया जाएगा।

## शाहरुख, अक्षय, सलमान समेत बॉलीवुड की कई हस्तियों ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार और सलमान खान समेत फिल्म जगत की कई हस्तियों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। मशहूर हस्तियों ने प्रधानमंत्री को उनके 73वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। शाहरुख खान ने 'एक्स' पर कहा, "माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपका दिन आनंदमय हो। आप काम से समय निकालकर थोड़ा मजा भी करें। शुभकामनाएं।"अक्षय कुमार ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, "जन्मदिन मुबारक हो नरेन्द्र मोदी जी। साल-दर-साल हमें प्रेरणा देते रहें। आपके अच्छे स्वास्थ्य और हमेशा खुशियों की कामना करता हूं।" सलमान ने कहा, "माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।" मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने प्रधानमंत्री को अनुकरणीय नेता करार दिया। हेमा मालिनी ने 'एक्स' पर लिखा, "मोदी जी आधुनिक दुनिया में एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़े हैं और विश्व के सभी नेता उनकी ओर देख रहे हैं।"

मलयालम फिल्मों के अभिनेता मोहनलाल ने 'एक्स' पर कहा, "हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिनपर।

## मुस्लिम महिलाओं ने मनाया मोदी का जन्मदिन



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 73वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर देश के अलग- अलग शहरों से पीएम मोदी के जन्मदिन मनाने की तस्वीरें सामने आ रही हैं। वहीं, काशी की मुस्लिम महिलाओं ने भी अपने सांसद का बर्थ-डे मनाया है। महिलाओं ने 73 दीप जलाए, पीएम मोदी के तस्वीर की आरती उतारी और सोहर गाकरके बधाई दी।

भारत की मुस्लिम महिलाएं अब आजाद हैं, अब उनकी जिन्दगी में कोई मौलाना दखल देकर उनको घर से बेदखल नहीं कर सकता। तीन तलाक और हलाला जैसे सामाजिक घृणित कुप्रथा से नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम महिलाओं को न सिर्फ आजाद किया बल्कि उनको कानूनी अधिकार दिया। आज दुनियांभर की मुस्लिम महिलाएं मोदी की ओर देख रही हैं।सामाजिक कुप्रथाओं से आजादी के बाद मुस्लिम बेटियों ने शिक्षा की ओर तेजी से कदम बढ़ाया। आज शिक्षित होकर बड़े पदों पर बेखौफ होकर पहुँच रही हैं। मुस्लिम महिलाओं की जिन्दगी में क्रांति लाने वाले नरेन्द्र मोदी आज मुस्लिम बेटियों के लिये सबसे विश्वसनीय चेहरा हैं। उनके जन्मदिन पर मुस्लिम महिलाओं ने गीतों के माध्यम से बधाई दी। यह कार्यक्रम लमही के सुभाष भवन में आयोजित किया गया था। 73 दीप जलाए, मोदी के तस्वीर की आरती उतारी और सोहर गाया।वर्ष 2013 में काशी से मुस्लिम महिलाओं ने मुस्लिम महिला फाउण्डेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में तीन तलाक के खिलाफ आंदोलन शुरू किया और नरेन्द्र मोदी को चिट्ठी

## संसद का विशेष सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, महिला आरक्षण विधेयक लाने पर क्षेत्रीय दलों का फोकस



नयी दिल्ली। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से आयोजित होने वाला है। संसद का यह सतरा पांच दिवसीय होगा जिसमें कई हैरान करने वाले प्रस्ताव लाए जा सकते हैं। संसद के विशेष सत्र के आयोजन से पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सभी दलों के नेताओं के साथ मिलकर सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान बीजू जनता दल और भारत राष्ट्र समिति यानी बरस समेत कई क्षेत्रीय दलों ने हिस्सा लिया। इस बैठक के दौरान सभी दलों ने एकमत होकर महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पेश किए जाने की मांग की। बीजद और बीआरएस नेताओं ने इस दौरान महिला आरक्षण विधेयक को पेश करने और संसद में पारित कराए जाने पर जोर दिया।

जानकारी के मुताबिक सर्वद्रीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस सांसद प्रमुख उद्योग तिवारी भी संसद भवन परिसर पहुंचे थे। इस दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्वदलीय बैठक के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक संघर्ष और मणिपुर में हुई हिंसा जैसी स्थिति के मुद्दों पर आवाज उठाएगी। बता दें कि इस सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) नेता एच.डी. देवेगौड़ा, द्रमुक सांसद कनिमोझी, तेदेपा के राम मोहन नायडू, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन, आम आदमी पार्टी के

## आसमानी बिजली गिरने से झुलसे 13 लोग, अफरा-तफरी

अंबेडकर नगर। यूपी के अंबेडकरनगर के बसखारी इलाके में तेज बारिश के बीच गिरी बिजली ने रविवार को थाना क्षेत्र बसखारी के छांगुरपुर मिश्रौलिया में कहर बरपा दिया। गांव में एक महिला के निधन के बाद आयोजित शुद्धि कार्यक्रम में मौजूद 13 लोग बिजली की चपेट में आकर झुलस गए। दो के स्थानीय उपचार के साथ ही 11 ग्रामीणों को सीएचसी बसखारी ले जाया गया।गांव निवासी व्रतंती की पत्नी का बीते दिनों बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनका रविवार को शुद्धि कार्यक्रम का आयोजन था। इसमें परिवार व अन्य सगे संबंधी शामिल हुए। सुबह लगभग पौने दस बजे से तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। गरज चमक के साथ हो रही बारिश के बीच अचानक तेज आवाज के साथ कार्यक्रमस्थल के निकट ही बिजली गिर पड़ी। इससे वहां मौजूद 13 लोग उसकी चपेट में आ गए। इससे मौके पर चीख पुकार व भगदड़ गई।दो लोग मामूली रूप से घायल हुए जिनका स्थानीयस्तर पर ही उपचार हुआ। हालांकि गंभीर रूप से झुलसे सम्मनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मंगुराडिला निवासी चिंताराम (40), छांगुरपुर मिश्रौलिया निवासी शशिकांत (20), रामरूप (55), सचिन (15), विशाल (23), राजाराम (50), दिलीप (30), अच्छेलाल (42), पतिराम गौतम (50), अभिमन्यु (19) व रवि कुमार (30) को सीएचसी बसखारी ले जाना पड़ा।

## नए संसद भवन पर उपराष्ट्रपति ने फहराया तिरंगा, खरगे नहीं हुए शामिल



नई दिल्ली। आज यानी 17 सितंबर को नए संसद भवन पर देश के उपराष्टपति और राज्यसभा स्पीकर जगदीश धनखड़ तिरंगा फहराया। इस मौके पर देश के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन झंडारोहण में नहीं शामिल हुए।राज्यसभा के सभापति और उपराष्टपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के नए भवन समारोह में संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन, पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी और प्रमोद तिवारी से मुलाकात की।इस अवसर पर शामिल होने के लिए कांग्रेस प्रेसिंडेट मल्लिकार्जुन को भी न्योता भेजा गया था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया है। खरगे ने शनिवार को राज्यसभा महासचिव पी.सी. मोदी को पत्र लिखकर कहा कि उन्हें कार्यक्रम का न्योता 15 सितंबर की देर शाम को मिला। उन्होंने कहा, 'मैं यह पत्र इस निराशा के साथ लिख रहा हूं कि कल नये संसद भवन में ध्वजारोहण समारोह के लिए आपका आमंत्रण मुझे काफी देर यानी 15 सितंबर, 2023 की शाम को मिला है। गौरतलब है कि संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से 22 सितंबर के बीच आयोजित होने वाला




## मार्च के बाद लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का विनिर्माण शुरू हो जाएगा : राजनाथ सिंह

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के विनिर्माण स्थल पर तेजी से काम हो रहा है और उम्मीद है कि अगले वर्ष फरवरी-मार्च के बाद यहां से मिसाइल का उत्पादन शुरू हो जाएगा। रक्षा मंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ दौरे के दूसरे दिन यहां गोमती नगर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल विनिर्माण स्थल पर कार्य तेजी से चल रहा है और फरवरी-मार्च के बाद लखनऊ की धरती से मिसाइल उत्पादन का कार्य भी आरंभ हो जाएगा।उन्होंने कहा कि डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) प्रयोगशाला का कार्य भी जल्द पूरा होगा जिसका लाभ लखनऊ वासियों को मिलेगा। सिंह ने कहा कि लखनऊ में 11 अन्य परियोजनाएं शुरू की गई हैं। मंत्री ने कहा," हालांकि इन्हें पूरा होने में कुछ समय लगेगा, लेकिन मैं कह सकता हूं कि लोग अगले कुछ वर्षों में एक बिल्कुल अलग लखनऊ देखेंगे।" इसके पहले जून के दूसरे पखवाड़े में सिंह ने यहां आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में नट-बोल्ट से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल तक का विनिर्माण होगा।उन्होंने कहा था, हमने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारा के जरिए रक्षा विनिर्माण के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। यूपीडीआईसी के बारे में मुझे बताया गया है कि इस गलियारे

## जौहर ट्रस्ट लेनदेन मामले में बढ़ा जांच का दायरा

रामपुर। जौहर ट्रस्ट लेनदेन मामले में अब आयकर विभाग की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। अब सपा सरकार के दौरान तैनात रहे अफसरों से भी पूछताछ हो सकती है। नियम विरुद्ध काम करवाने के आरोप में लोनिवि, जिला पंचायत और सीएंडडीएस विभागों के अफसरों के नाम सामने आए हैं। उनके खिलाफ भी जांच हो सकती है। सपा नेता आजम खां के जौहर ट्रस्ट के लेनदेन की शिकायतों से शुरू हुई आयकर विभाग की जांच का दायरा बढ़ता हुआ दिख रहा है। आयकर के रडार पर सपा शासन में लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत और सीएंडडीएस से जुड़े वह अफसर आ गए हैं ।



## संपादकीय

### विस्तार से ही तरक्की

बीता बुधवार हरियाणा व पंजाब के लिये मंगलकारी ही रहा। फरीदाबाद में आध्यात्मिक गुरु मां अमृतानंदमयी देवी के प्रयासों से बने एशिया के सबसे बड़े व आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृता अस्पताल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया। वहीं दूसरी ओर पंजाब के मुल्लांपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल व रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री ने किया। ये दोनों उद्घाटन राज्यों की जनता और मानवता की सेवा के लिये महत्वपूर्ण घटनाएं हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कोरोना संकट की दूसरी लहर में महामारी के सामने अस्पताल बौने नजर आये और मरीज बेड व उपचार के लिये दर-दर की ठोकरें खाते रहे। संकट में अवसर तलाशने वाले लोगों ने मुसीबत के मारे लोगों को उल्टे उस्तरे से मूंडने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। ऐसे में महामारी से मिले सबकों के मद्देनजर हमें निरंतर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की जरूरत है। मंगलवार को हुए लोकार्पण इस दिशा में सार्थक पहल की बानगी ही कही जायेगी। लेकिन यहां महत्वपूर्ण है भारतीय आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि संस्थाओं का मानव कल्याण के प्रति समर्पण भी उजागर होना। करीब 130 एकड़ में विस्तृत और 2600 बेड के आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं वाले अमृत अस्पताल के रूप में मां अमृतानंदमयी ने रोगियों व दुखियों की मदद के लिये ऋषिकर्म को ही सार्थक किया है। धार्मिक-आध्यात्मिक संस्थाओं द्वारा मानवता की सेवा की ऐसी बड़ी मिसाल दुनिया में कम ही मिलती है। वहीं रासायनिक खाद व कीटनाशकों के जरिये हरित क्रांति लाने वाले पंजाब को आज कैंसर की महामारी के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। कीटनाशकों व रासायनिक खाद के अंधाधुंध उपयोग से आज भूजल व मिट्टी जहरीली हो गये हैं। यहां तक कि पंजाब के कई जिले भयावह कैंसर से जूझ रहे हैं। बठिंडा व अन्य जनपदों से राजस्थान के कैंसर अस्पताल में उपचार के लिये यात्रियों को ले जाने वाली ट्रेन को बाकायदा कैंसर ट्रेन का नाम दिया गया है। उम्मीद है ऐसे लोगों के लिये मुल्लांपुर का अस्पताल जीवन रक्षा का मंदिर बनेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के प्रयास से मुल्लांपुर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखी गई थी। टाटा मेमोरियल सेंटर ने 660 करोड़ रुपये की लागत से तीन सौ बेड का अस्पताल तैयार किया है। निस्संदेह, पंजाब ही नहीं हरियाणा, हिमाचल व जम्मू-कश्मीर आदि राज्यों के रोगियों को कैंसर से लड़ने का जज्बा मिलेगा। वहीं इस दिशा में शोध का वातावरण बनने से मानवता के दुख-दर्दों को कम किया जा सकेगा। निस्संदेह, देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों यानी एम्स की संख्या में अपेक्षित विस्तार हुआ है, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि चिकित्सा सुविधाएं तथा चिकित्सकों व कर्मियों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए। उपचार गुणवत्ता का हो और मरीजों को उसका लाभ सहजता व सरलता से मिल सके। निस्संदेह, हर राज्य को एम्स मिलना चाहिए।

# राहुल गांधी ने सेना के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास किया

कभी वह दुनिया भर में अपने शौर्य और पराक्रम के लिए मशहूर भारतीय सेना के लिए कहते हैं कि तवांग में चीन हमारी सेना की पिटाई कर रहा है। कभी राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी सेना के शौर्य का सबूत मांगती है तो कभी राहुल गांधी अग्निवीर योजना के बारे में भ्रम फैलाते हैं जबकि यह योजना तीनों सेनाओं के बीच वर्षों तक हुए मंथन के बाद लाई गयी थी। राहुल गांधी कह रहे हैं कि अग्निवीर हिंदुस्तान को कमजोर कर रहा है लेकिन आंकड़े बताते हैं कि अग्निवीर योजना के तहत तीनों सेनाओं में भर्ती होने के लिए इस बार रिकॉर्ड संख्या में आवेदन आये।यही नहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्व की सरकारों ने रक्षा बलों की वन रैंक वन पेंशन योजना को मंजूरी नहीं दी थी लेकिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद यह मांग पूरी की और ओआरओपी के तहत दी जा रही पेंशन की समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है



हम आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के इस वीडियो पर पूर्व सैन्य अधिकारियों ने काफी कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और कहा है कि जब राहुल गांधी को सैन्य मामलों पर कुछ पता ही नहीं है तो उन्हें ऐसे मुद्दों पर बोलने से बचना चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी वैसे तो तमाम मुद्दों पर मोदी सरकार को रोजाना घेरते हैं लेकिन जब भी वह रक्षा-सुरक्षा या विदेश मामलों पर बोलते हैं तो देश का बहुत बड़ा नुकसान करते हैं। कभी राहुल गांधी बिना किसी सबूत के दावा करते हैं कि चीन लद्दाख में घुस आया है जबकि एलएसी पर हमारे जवान चुनौतीपूर्ण मौसमी परिस्थितियों के बावजूद सीना तान कर खड़े हैं।

कभी वह दुनिया भर में अपने शौर्य और पराक्रम के लिए मशहूर भारतीय सेना के लिए कहते हैं कि तवांग में चीन हमारी सेना की पिटाई कर रहा है। कभी राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी सेना के शौर्य का सबूत मांगती है तो कभी राहुल गांधी अग्निवीर योजना के बारे में भ्रम फैलाते हैं जबकि यह योजना तीनों सेनाओं के बीच वर्षों तक हुए मंथन के बाद लाई गयी थी। राहुल गांधी कह रहे हैं कि अग्निवीर हिंदुस्तान को कमजोर कर रहा है लेकिन आंकड़े बताते हैं कि अग्निवीर योजना के तहत तीनों सेनाओं में भर्ती होने के लिए इस बार रिकॉर्ड संख्या में आवेदन आये।

यही नहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्व की सरकारों ने रक्षा बलों की वन रैंक वन पेंशन योजना को मंजूरी नहीं दी थी लेकिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद यह मांग पूरी की और ओआरओपी के तहत दी जा रही पेंशन की समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है ताकि देश की सेवा करने वालों को उनका जायज हक मिलता रहे। लेकिन राहुल गांधी अब ओआरओपी को लेकर सेना के बीच ही मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह लद्दाख दौरे के दौरान सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों के साथ संवाद करते समय विवादित बयान दे रहे हैं।विरोधाभास देखिये कि एक ओर भारत जोड़ो के नाम पर अभियान चलाया जा रहा है, मोहब्बत की दुकान खोलने का दावा किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ कभी सनातन धर्म पर हमला तो कभी मीडियाकर्मियों का बहिष्कार और कभी सैन्यकर्मियों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश करके कुछ और ही किया जा रहा है। हम आपको बता दें कि राहुल गांधी का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसमें वह कह रहे हैं कि जवान सीधा दुश्मन से लड़ता है लेकिन उसे ओआरओपी कम मिलता है जबकि अफसरों को ओआरओपी का ज्यादा लाभ मिल रहा है।हम आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के इस वीडियो पर पूर्व सैन्य अधिकारियों ने काफी कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और कहा है कि जब राहुल गांधी को सैन्य मामलों पर कुछ पता ही नहीं है तो उन्हें ऐसे मुद्दों पर बोलने से बचना चाहिए। पूर्व सैन्य अधिकारियों ने कहा है कि राहुल गांधी जब भी बोलते हैं तब उनकी नासमझी ही झलकती है। पूर्व सेना अधिकारी मेजर सुरेंद्र पूनिया ने एक्स पर लिखा है कि राहुल गांधी शर्मनाक तरीके से सेना के अधिकारियों और जवानों के बीच खाई पैदा कर रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पहले इन लोगों ने देश को धर्म के आधार पर बांटा, फिर मीडिया को बांटा और अब ये सेना के जवानों और अधिकारियों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करना चाहते हैं। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्ति भारत के लिए बहुत खतरनाक है। वहीं पूर्व सेनाधिकारी और अब भाजपा सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने लिखा कि शॉकिंग, वीडियो में एक फ़िरंगी एजेंट देश की सेना को बाँटने और भड़काने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आगे लिखा जो राजनीतिक दल सेना का मनोबल गिराने की बार-बार कोशिश करता है, सुनते हैं यह उनका गोद लिया हुआ है। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने आगे लिखा कि जो इस एजेंट को देखे तुरंत सवाल करे कि कितने में बेचा देश को।जहां तक लद्दाख मुद्दे पर राहुल गांधी के बयान की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने एक वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए दावा किया, ''जब प्रधानमंत्री ने हमारी भूमि पर चीन के कब्जे के बारे में झूठ बोला तो उन्होंने ठगा हुआ महसूस किया। हम आपको यह भी बता दें कि राहुल गांधी के आरोपों की हवा निकालते हुए हाल ही में लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बीडी मिश्रा ने कहा था कि भारतीय सैनिक चीन से लगी सीमा के एक-एक इंच की रक्षा कर रहे हैं और हाल के वर्षों में पड़ोसी देश ने एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा था कि पूरे लद्दाख में सड़कों, हेलीपैड, सुरंगों और पुलों के निर्माण के साथ बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से हो रहा है और भारत अगले चार-पांच वर्ष के भीतर इस संबंध में चीन के बराबर पहुंच जाएगा। ब्रिगेडियर मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने कहा था कि भारत ने लगभग छह-सात साल पहले इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास शुरू किया था। उपराज्यपाल ने कहा, ''लेकिन जिस तरह से हम सड़कों, हेलीपैड, एयरफील्ड, सुरंगों और पुलों जैसे बुनियादी ढांचे का विकास कर रहे हैं, अगले चार या पांच वर्ष में हम चीन के बराबर हो जाएंगे और हम अपनी सीमाओं पर बुनियादी ढांचे के मामले में, यदि बेहतर नहीं भी तो, चीन के समान होंगे।''

ब्रिगेडियर मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने कहा था कि भारतीय सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं और वे इसके एक-एक इंच की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम आपको बता दें कि राहुल गांधी का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसमें वह कह रहे हैं कि जवान सीधा दुश्मन से लड़ता है लेकिन उसे ओआरओपी कम मिलता है जबकि अफसरों को ओआरओपी का ज्यादा लाभ मिल रहा है।''जिसे जो कहना है कहे लेकिन तथ्य यह है कि भारत की एक इंच भी जमीन चीन के कब्जे में नहीं है। 1962 में (भारत-चीन युद्ध के दौरान) जो कुछ भी हुआ, वह एक अतीत की कहानी है...वह एक अलग मुद्दा है लेकिन जब मैं वर्तमान की बात कर रहा हूं और वास्तविक नियंत्रण रेखा की हमारी अपनी परिभाषा के अनुसार, हम वहां मौजूद हैं।''

बहरहाल, राहुल गांधी ने वन रैंक वन पेंशन को लेकर जो खतरनाक खेल खेला है उसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। कांग्रेस ने दशकों तक देश पर शासन किया है। आज भी उस पार्टी में तमाम ऐसे नेता हैं जो देशहित से जुड़े मुद्दों की गहरी समझ रखते हैं। ऐसे नेताओं को चाहिए कि वह राहुल गांधी को समझाएं कि सेना, अदालत, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को लेकर बेकार की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

# शिक्षा का महत्व

शिक्षा समाजकीआधारशिला है। जिस देश के नागरिक शिक्षित होते है वह देश मजबूत होता है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली नैतिक मूल्यों से ओत-प्रोत थी। आज देखने में शिक्षा के स्तरों में बहुत बडी प्रगति हुयी है। लेकिन क्या वास्तव में शिक्षा का स्तर बढा है मेरे विचार से शिक्षा के वैज्ञानिक स्तर में सो वृद्धि हुयी है। लेकिन शिक्षा के नैतिक स्तर में गिरावट आयी है। शिक्षा का सही स्तर चरित्र निर्माण है, लेकिन क्या हमारे देश में नौनिहालों में चरित्र निर्माण हो रहा है? बल्कि चरित्र निर्माण में दिन प्रतिदिन गिरावट आती जा रही है क्या शिक्षा का अर्थ यही है कि पढ़ लिखकर हम रोजगार हासिल करें और अधिक से अधिक धन के नैतिक मूल्य भूल जायें। आज हमारे देश में न जाने कितने नव युवक अच्छी शिक्षा ग्रहण करके उच्च पदों पर आसीन होकर भ्रष्टाचार की सारी हदो को पार करते देखे गए हैं कितना अवैध धन एकत्र कर लेते हैं और अपने नैतिक कर्तव्य भूल जाते है। इसी प्रकार राजनीति के पुरोधा जब राजनीति में प्रवेश करते हैं तो अत्यधिक ईमानदारी का परिचय देते हुए महानता का बखान करते हुए नहीं थकते हैं, लेकिन राजनीति के क्षेत्र मे उपलब्धि हासिल होते ही नैतिकता को ताक पर रखकर समाज के प्रति अपने को भूल जाते हैं और राजनीति रूपी पवित्र नदी को एक भ्रष्टाचार रूपी गन्द देते तथा उसी में गोता लगाने लगते हैं।आज इन्जीनियर, वैज्ञानिक डाक्टर अर्थशास्त्री, व्यापारी ठेकेदार या राजनेता बनने हमारी युवा पीढ़ी सारी ताकत झोक देती है। लेकिन यह ओहदे हासिल करने के बाद भी क्या अपना दायित्व को निभाते इन पदों का सदुपयोग किया जाता है क्या हमने कभी सोचा है कि. इसके पीछे क्या कारण है? कारण स्पष्ट है अच्छे संस्कारों की कमी अच्छे संस्कारों का संत माता पिता समाज और शिक्षा है अच्छे संस्कार जीवन रूपी मिशन को लाने के लिये गेल का कार्य करते हैं अच्छे संस्कारों से नैतिक मूल्यों का निर्माण होता है और नैतिक मूल्यों से अच्छे समाज का निर्माण होता है।नैतिक मूल्य एक दिन में प्राप्त होने वाली वस्तु नहीं है। हम विद्यालयों सडकों, मुहल्लों या अन्य स्थानों को अपनी सम्पति समझते हैं आज एक विचारिणी प्रश्न है कि यदि हम अपनी उपलब्धि हासिल कर लेते है तो हमें जीवन की इन भौतिक आवश्यकताओ शिक्षा स्वास्थ्य मकान एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये शायद पर्याप्त धन मिल जाता। लेकिन इसके बाद भी ये काफी नहीं होता है और हम अत्यधिक धन एकत्र करने लगते है अर्थशास्त्र मे हम पढ़ते हैं कि धन का एक जगहकेन्द्रीकरण हो जाता है तो विकास अवरुथ हो जाता है तथा जब धन विकेन्द्रीकरण हो जाता है तो विकास होने लगता है।आज ज्वलन्त प्रश्न है कि आखिर सुधार कैसे होगा, उत्तर स्पष्ट है किनैतिकता के गिरते हुए स्तर एवं भ्रष्टाचार के बढ़ते हुए स्तर को रोकना होगा आज हर व्यक्तिउपदेश दे रहा है कि चारो ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है लेकिन स्वयं सुधार का कोई प्रयास ही नहीं के है। अपने पूर्वजों पर बलिदान होने वाले शहीदों से शिक्षा लेनी होगी।हमारी युवा पीढ़ी को यह भी सोचना होगा कि सरदार भगत सिंह सरदार वल्लभ भाई पटेल, सन्त रविदास आदि व्यक्ति महान थे. पर धनवान नहीं थे. विचार , चिन्तन मनन करना होगा कि हमे नैतिकता से विमुख नही होना चाहिए। यदि हम अतीत में जायें तो हमारी परतन्त्रता का कारण हमारे नैतिक मूल्यों की गिरावट थी। जब किसी समाज में नैतिक मूल्यों का पतन हो जाता है तो वह समाज कमजोर हो जाता है, और समाज कमजोर होने से देश कमजोर हो जाता है। तब विदेशी ताकते उस देश के समाज और संस्कृति पर कब्जा कर लेती हैविनोद कुमार सहायक अध्यापक व्याम राज्यकीय इंटरकालेज कानपुर नगर के रहने वाले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा, कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए नैतिकता रूपी पवित्र हथियार हमें साथ रखना होगा नेतिकता रूपी अस्त्र, जीवन रूपी पथ पर आगे बढ़ने में हमारी रक्षा करेगा।




**विनोद कुमार यादव स0अ0 (व्यायाम शिक्षक) राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर नगर**

# हिंग्लिश में तले हिंदी के पकवान

लो जी, हिंदी का मौसम फिर आ गया! अंग्रेजी के घने बादलों के बीच, हिंदी की चमक कौंधने लगी। मौसमी फुहार से कार्यालयों के प्रांगण पोस्टर और बैनरों की हरियाली से लहलहा उठे। वातावरण में 'समोसा-बैठकों' की सौंधी खुशबू बिखरने लगी। फाइलों पर उत्सव का माहौल है। हिंदी-कार्यक्रम के आयोजन-प्रस्तावों की शाख पर 'खर्चा-पानी के झूले' पड़ गए हैं। सुहाने मौसम में अंग्रेजी के हिमायती शुद्ध हिंदी के पके पकवानों की चर्चा करते हुए, इंग्लिश में तले पापड़ चबा रहे हैं।

'राष्ट्रीय हिंदी दिवस' के कार्यक्रम में एक हिंदी-नाटक का मंचन चल रहा था। वहां अधिकारियों और कर्मचारियों की भीड़ मजबूरन उपस्थित थी। अंग्रेजी के हिमायती केबीसी साहब भी वहां थे। वे अपने अधीनस्थ 'अच्छा बच्चा चौधरी' के साथ आए थे। अंग्रेजी में बतिया रहे थे। अजब-गजब का हिंदी प्रयोग भी कर रहे थे। वे अधीनस्थ अच्छा बच्चा चौधरी को शार्टनेम 'एबीसी' से संबोधित करते थे। उसे कमजोर अंग्रेजी के लिए अपमानित भी करते थे। इसलिए एबीसी रुष्ट था, लेकिन बॉस के सामने चुप रहता था। उसकी चुप्पी ज्वालामुखी बनकर उबल रही थी। केबीसी जी अपने अधीनस्थ एबीसी को बताना चाहते थे कि वे हिंदी का प्रयोग भी बखूबी कर लेते हैं। अत: पास बैठे एबीसी की ओर मुड़े और 'इफ यू डोंट माइंड' का सीधा हिंदी अनुवाद प्रयोग करते हुए बोले, 'यदि दिमाग न हो तो मेरे चेंबर से एक जरूरी फाइल उठा लाइए।' वे अभी अपनी बात पूरी नहीं कर पाए थे कि अपमान की आग से एबीसी का सुषुप्त ज्वालामुखी फट पड़ा। उसने क्रोधावेश में केबीसी साहब की कालर पकड़ ली। बोला, 'आप सबके सामने मेरी बेइज्जती नहीं कर सकते?'

# एक विद्रोही और बागी महिला की सच्ची कहानी है फ़िल्म प्यारी तरावली द ट्रू स्टोरी




मुंबई । आदमी ने नियम बनाये, आदमी ने लागू किये, औरत तो बैचारी पालन करती आ रही है, उनमे से एकाध औरत ने की अपने मन की, तो हो गई वो बुरी, वो एकाध औरत मैं हूँ। हर महिला का प्रतिबिंब है प्यारी क्योंकि वास्तव में 'हर नारी है प्यारी'। ओमशील प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस असाधारण पिक्चर की पहली झलक आज आउट कर दी गई है। इस फर्स्ट ग्लिम्पस में डॉली तोमर का अलग सा अवतार और रूप देखकर दर्शक आश्चर्यचकित हैं। इस पहली झलक में डॉली तोमर दौड़ती हुई दिख रही हैं, अब तो यह रहस्य 27 अक्टूबर को खुलेगा कि वह क्यों भाग रही हैं।मगर इस पहली झलक ने दर्शकों के बीच फ़िल्म को लेकर एक उत्सुकता और रोमांच पैदा कर दिया है। सदियों से भारतीय महिलाएं समाज और दबंग पुरुषों के सख्त सुलूक की वजह से पिंजरे में कैद पक्षी की तरह ज़िंदगी गुजारती आ रही हैं। लेकिन तेजी से हो रहे सामाजिक परिवर्तन के कारण अब महिलाओं का विद्रोह उतना मुश्किल नहीं रह गया है जितना पहले हुआ करता था। आज की औरत झूठे रीति-रिवाजों की सभी जंजीरों को तोड़कर अपने सपने, चाहत और सम्मान के साथ जीने के लिए उड़ान भरने को तैयार है। ऐसी ही एक विद्रोही और बागी महिला की कहानी है प्यारी तरावली द ट्रू स्टोरी। यह दिल को छू लेने वाली रोमांटिक ड्रामा फिल्म प्यारी तरावली द ट्रू स्टोरी हर महिला के छिपे हुए और अनकहे दर्द के इर्द-गिर्द घूमती है। वर्सटाइल ?क्ट्रेस डॉली तोमर ने इसमें शीर्षक भूमिका निभाई है। फ़िल्म 27 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# पत्रकारिता ज़बरदस्त राजनीतिक मुद्दा बना! राजनीतिक रीत सदा चली आई , जिसकी लाठी उसी ने भैंस पाई



गोंदिया । वैश्विक स्तरपर एक बात पर हर देश सहमत है कि प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया है जिसका अंदाजा शायद लोकतंत्र के सबसे बड़े और मज़बूत गढ़ में लगाया जाना आसान है, जहां स्वाभाविक रूप से यह देखा जाता है कि हर शासनकाल में सत्ता केंद्र के अनुकूल विचारों का रुझान हर मीडिया चैनल पर दर्शक और जनता द्वारा महसूस किया जाता है, जो स्वाभाविक भी है, जिसे रेखांकित करना ज़रूरी है, क्योंकि अगर इतना बड़ा मीडिया हाउस चलना है तो बुराई अनैतिक व्यवहारों इत्यादि के खिलाफ लड़ाई करते हुए, कुछ सत्ता केंद्र की ओर रुझान भी जनता महसूस करती है टीवी चैनलों पर करीब करीब हर मीडिया चैनल पर हम अक्सर देखते हैं कि अनेक मुद्दों पर अनेक पार्टियों के प्रवक्ताओं को आमंत्रित कर उनसे उस मुद्दे पर डिबेट किया जाता है। परंतु सत्ता केंद्र रुझान वाले प्रवक्ताओं को कुछ बैकिंग मिलती है यह हम साफ़ महसूस करते हैं इसमें कोई आश्चर्य भी नहीं होता है। क्योंकि दर्शक और जनता जनार्दन समझती है कि यह उनके कर्तव्य, मज़बूरी या नीति का होना स्वाभाविक है।मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मैं करीब 25 से अधिक वर्षों से टीवी चैनलों पर इस प्रकार के मुद्दों पर डिबेट को देखता हूं और पक्ष विपक्ष के प्रवक्ता मेहमानों की बातों को किस तरह कितना वज़न मिलता है, समझ में आ जाता है, अगर किसी प्रवक्ता का आर्गुमेंट रूपी तीर निशाने पर लग गया है तो पक्ष-विपक्ष अनुसार उसको कैसे मोड़ना है, इस कला का एंकर द्वारा खूब प्रयोग होता है, यही कारण है कि दिनांक 14 सितंबर 2023 को विपक्षी महागठबंधन आई.एन.डी.आई.ए ने 14 पत्रकारों या यूं कहें कि मीडिया हाउसों पर अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजने का निर्णय लिया है। जिसके बारे में देर शाम से ही डिबेट शुरू हो गया है, जिसपर सत्ताधारी नेताओं मंत्रियोंअधिकृत प्रवक्ताओं और विपक्षी नेताओं के खूब बयान आ रहे हैं जिन्हें जनता जनार्दन देख रही है। बता दें उधर दिनांक 15 सितंबर 2023 को एक पत्रकारिता विश्वविद्यालय में माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा अपने संबोधन में अनेक विचारों सहित खोजी पत्रकारिता की विलुप्तता की बात भी कहीं। इधर यह सब देखकर जनता कह रही है, ए बाबू ! जनता जनार्दन समझदार है! इलेक्ट्रॉनिक मीडिया डिबेट में पक्ष-विपक्ष के प्रवक्ताओं को मिल रहे वज़न की रैंकिंग जनता जनार्दन करती रहती है। चूंकि 14 पत्रकारों पर बैन का मामला मीडिया में खूब उछल रहा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हर शासनकाल में सत्ता के केंद्र अनुकूल विचारों का रुझान दर्शकों और जनता ने महसूस किया है जो स्वाभाविक बात है।

साथियों बात अगर हम आई.एन.डी.आई.ए द्वारा 14 पत्रकारों पर प्रतिबंध की करें तो, बता दें कि दिल्ली में हुई विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में, कुछ एंकर्स के नाम जारी किए गए हैं। इन्हीं एंकर्स के शो में विपक्षी गठबंधन के नेता शामिल होंगे और अपना पक्ष रखेंगे। विपक्षी गठबंधन द्वारा कुछ टीवी चैनल्स का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा तो कुछ चैनल्स के सिर्फ एंकर्स का बहिष्कार किया जाएगा। विपक्षी दलों के नेता अक्सर कुछ टीवी एंकर्स पर सत्ताधारी पार्टी के समर्थन का आरोप लगाते रहे हैं। देश के 14 जाने-माने टीवी एंकरों के शोज का बहिष्कार करने का फैसला किया है। समन्वय समिति की बुधवार को हुई बैठक में चर्चा हुई कि कुछ न्यूज एंकर्स विपक्षी दलों की आवाज दबाने की कोशिश करते हैं, इसलिए उनका बायकॉट किया जाए।इस प्रस्ताव पर गठबंधन दलों ने सहमति जताई। इसी प्रस्ताव पर आगे बढ़ते हुए गठबंधन ने गुरुवार को 14 एंकरों की लिस्ट जारी कर दी। बड़ी पार्टी मीडिया सेल के अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है, आज दोपहर बाद इंडिया मीडिया कमिटी की हुई बैठक में निम्नलिखित फैसला लिया गया। उन्होंने इस टिप्पणी के साथ गठबंधन की तरफ से जारी बयान की कॉपी भी पोस्ट की है। इसमें इंडिया मीडिया कमिटी का फैसला शीर्षक के नीचे लिखा है,14 सितंबर की तारीख से जारी बयान में कहा गया है, इंडिया समन्वय समिति की 13 सितंबर, 2023 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक इंडिया में शामिल दल इन एंकरों के शोज में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजेंगे। ध्यान रहे कि बड़ी पार्टी महासचिव ने बुधवार को ही कहा था कि विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति ने मीडिया से संबंधित कार्य समूह को उन एंकरों के नाम तय करने के लिए अधिकृत किया है, जिनके शो पर विपक्षी गठबंधन का कोई भी सदस्य अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजेगा।

साथियों बात अगर हम 14 पत्रकारों पर बैन की पक्ष द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया के जवाब में विपक्ष के जवाब की करें तो, फैसले को सही ठहराते हुए, एक्स पर एक पोस्ट डालकर कुछ पत्रकारों पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, पत्रकार अपनी आचार संहिता के खिलाफ जाने को मजबूर हो रहे हैं, ताकि उनके मालिकों के व्यावसायिक और राजनीतिक हितों को पूरा किया जा सके। बार-बार, भारत के कॉर्पोरेट स्वामित्व वाले मीडिया ने युवा को इस शासन और उसके गुर्गों के लिए उनकी स्पष्ट और निडर विरोध के लिए अनुचित रूप से निशाना बनाया है। अब, ईमानदार रिपोर्टरों को युवा नेता को बदनाम करने के लिए पक्षपाती ट्रोल बनने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन कठिन समयों में साहस के लिए ईमानदार पत्रकारों को सराहा जाना चाहिए। लेकिन मीडिया के दिग्गज, जिनमें से एक पीएम के सबसे अच्छे दोस्त हैं, पूरी तरह से उनके धुन पर नाच रहे हैं।

**किशन सनमुखदास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-सम्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# किसान बाबू सिंह: खाते में कभी 10 हजार से ज्यादा नहीं रहे...चेक दिए 6.29 करोड़ के, आरोपियों की तलाश में दबिश



कानपुर। कानपुर में किसान बाबू सिंह यादव की आत्महत्या के मामले में जिस शिवम सिंह के नाम की 6.29 करोड़ की पांच चेक दी गईं थीं, उसके खाते में कभी 10 हजार रुपये से ज्यादा की रकम ही नहीं रही। इससे साफ है कि भाजपा नेता डॉ. प्रियरंजन आशू दिवाकर का शुरुआत से किसान बाबू सिंह को ठगने का इरादा था। इसका खुलासा गुरुवार को पुलिस की जांच में हुआ ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम ने बुधवार को किसान बाबू सिंह यादव और भाजपा नेता समेत सभी छह आरोपियों के 13 खाते सीज कराए थे। मृतक बाबू सिंह का एक, डॉ. प्रियरंजन आशू दिवाकर और राहुल जैन के दो-दो, बबलू यादव, मधुर पांडेय और जितेंद्र यादव का एक-एक और शिवम सिंह चौहान के तीन खाते शामिल थे ।गुरुवार को पुलिस टीम ने बैंक प्रबंधन के जरिये सभी के बैंक डिटेल हासिल कर ली। जांच में पता चला शिवम सिंह मैनपुरी के मिश्रा कंपाउंड स्टेशन रोड स्थित एसबीआई की शाखा में खाता है। खाता नंबर 32185452630 है। शिवम सिंह ने इसी खाते के जरिये बाबू सिंह को पांच चेक दी थी। पुलिस ने जब शिवम सिंह के खाते की डिटेल खंगाली तो पता चला कि उस खाते में कभी 10 हजार रुपये अधिक रहा ही नहीं।

एडिशनल डीसीपी पूर्वी के नेतृत्व में पांच टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं। इसमें थाना प्रभारी कैंट, रेलबजार, हरबंशमोहाल, चकेरी की दो टीमें काम कर रही हैं। आरोपियों की तलाश में जुटी टीमों को कई अहम सुराग हासिल हुए हैं। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, मैनपुरी भेजी गई है। साथ ही कानपुर में भी आधा दर्जन लोगों के दबिश दी गई है। इधर भाजपा नेता आशू दिवाकर की तलाश में पुलिस की दो टीमें फतेहपुर और प्रयागराज में दबिश दे रही है।

पुलिस की पांच टीमें बाबू सिंह के परिजनों समेत 50 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। कुछ अन्य लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

# प्रधानाचार्य ने अनुशासित कक्षों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश विभागीय निर्देशानुसार 1 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवारा मनाए जाने के अभियान के अंतर्गत 15 सितंबर को इस वृहद अभियान के समापन के अंतर्गत एस एन सेन बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज माल रोड में प्रधानाचार्या सविता यादव के नेतृत्व में सर्वाधिक स्वच्छ तथा अनुशासित कक्षों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय तथा अपने आस पास के वातावरण को हमेशा ऐसे ही स्वच्छ बनाए रखने का प्रण लिया गया ।

# कुड़नी हनुमान मंदिर के सुंदरीकरण और प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

साढ़। फूलबाग कानपुर स्थित आयुध उपस्कर निर्माणी की किला मजदूर यूनियन के कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने शनिवार देर शाम साथियों के साथ कानपुर के नर्वल तहसील के साढ़ थाना क्षेत्र के कुड़नी गांव में स्थित लगभग पांच सौ वर्ष पुराने प्रसिद्ध महावीरन हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। सभी ने पूरे भक्ति भाव से महावीरन बजरंग बली की पूजा अर्चना व सुंदर कांड का पाठ किया। साथ ही सभी की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। दर्शनों के बाद पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने मंदिर प्रांगण के आस- पास के स्थानीय निवासियों और दुकानदारों को बताया कि उन्होंने कुड़नी महावीरन मंदिर के सुंदरीकरण, नवीनीकरण और प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखा है। जिससे यहां आने वाले भक्तों को महावीरन के दर्शन करते में ज्यादा परेशानी न हो । क्यों कि महावीरन का प्रवेश द्वार काफी संकरा होने के साथ प्रांगण बहुत छोटा है। जिससे यहां आने वाले भक्तों को गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुड़नी दरबार की कई वर्षों से ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से यहां आने वाले निसंतान दंपत्तियों की मनोकामना जरूर पूरी होती है। साथ ही जटिल रोग भी महावीरन के दर्शनों से दूर होते हैं। पूर्व महामंत्री के साथ जयप्रकाश शर्मा, पूर्व प्रचार मंत्री हरिश्चन्द्र, अजय परिहार आदि रहे।



# फंदे पर लटका मिला युवक का शव,घर में अकेले रहता था

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।कानपुर में घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में गुरुवार की रात युवक ने घर के अंदर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। युवक घर में अकेले रहता था। घरेलू विवाद में पत्नी लगभग दो साल से बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। शुक्रवार को सुबह पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव फंदे से उतारा।

जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहांगीराबाद गांव निवासी राम खिलावन (40) ट्रक चालक था। तकरीबन छह वर्ष पहले उसका विवाह गुजेला गांव निवासी प्रियंका के साथ हुआ था, उनके दो बच्चे भी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक दो साल पहले घरेलू विवाद के बाद पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी थी। इसके बाद में पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी दर्ज करा दिया था। इससे राम खिलावन परेशान था। शुक्रवार की सुबह काफी देर तक घर से न निकलने पर पड़ोसियों ने झांककर देखा तो उसका शव पंखे से साड़ी के फंदे से लटकता दिखा। इसके बाद कंट्रोल रूम में पुलिस को सूचना दी गई ।उधर, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि चूल्हे में तवा और तीन चपातियां रखी थीं। साथ ही, आटा गूंथा हुआ था। ऐसा लग रहा था कि रोटियां बनाते समय परेशान होकर फंदा लगा लिया।

# 18 से छह दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण होगा शुरू



कानपुर ।सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में विश्व विद्यालय स्थिति मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग के अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 18 सितम्बर से 23 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एस.के.विश्वास ने बताया कि कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र एवं शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं। तो यह उनके लिए उत्तम अवसर है। डॉ विश्वास ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं ।उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग ( प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे ।डॉ विश्वास ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए रुपया 1000/- पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पास पोर्ट साइज फोटो देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगर कोई किसान बाहर से आता है। तो उसे रुकने की व्यवस्था होगी। लेकिन उसके लिए प्रशिक्षणार्थी को अलग से शुल्क देना होगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

# पुलिस ने बढ़ाई धोखाधड़ी की धारा, पीआरओ और चालक भी आरोपी, 19 को होगी जमानत पर सुनवाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।कानपुर में पीएमओ का फर्जी प्रतिनिधि बनकर ठगी करने वाले अभिषेक प्रताप सिंह उर्फ संतोष सिंह के खिलाफ दर्ज मुकदमे में बिठूर पुलिस ने विवेचना के बाद धोखाधड़ी की धारा भी बढ़ा दी है। वहीं, पुलिस ने अब तक विवेचना में शातिर ठग के चालक धर्मेंद्र व उसके फरार फर्जी पीआरओ प्रदीप सिंह की भी भूमिका पता करने के बाद उनके नाम भी शामिल कर लिए हैं ।पुलिस ने जल्द दर्ज मुकदमे में चार्जशीट दाखिल कर सकती है ।कोर्ट से जमानत पर सुनवाई की अगली तारीख 19 सितंबर मिली है। ठग के अधिवक्ता मोहित श्रीवास्तव के अनुसार उनके पास अपने क्लाइंट को जमानत दिलवाने के लिए मजबूत आधार है, जो वह कोर्ट में पेश करेंगे।

बता दें कि कानपुर में शातिर ठग अभिषेक प्रताप सिंह उर्फ संतोष सिंह की एक साल की कॉल डिटेल से पता चला है कि वह यूपी के 119 आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों के संपर्क में था। इनसे उसकी अक्सर बातचीत होती थी। पुलिस अब उसे संरक्षण देने वाले मुख्य अधिकारी के सत्यापन में जुटी है।

इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इतना ही नहीं कुछ अधिकारी उसमें ऐसे भी छांटे गए हैं, जिनसे दस मिनट से ज्यादा देर तक बात होती थी। अभिषेक प्रताप सिंह के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट और उसके संबंधों को लेकर की जाने वाली जांच एसीपी कल्याणपुर विकास पांडेय के नेतृत्व में कराई जा रही है।

अभिषेक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी एक साल की सीडीआर निकलवाई थी। अधिकारी के मुताबिक छह माह की रिपोर्ट को अच्छे से सत्यापित किया जा चुका है। इसमें 119 अधिकारियों से उसकी बातचीत के प्रमाण मिले हैं। 30 अधिकारी ऐसे हैं, जिनसे एक दो बार ही बात की गई है, वह भी 15-20 सेकेंड की।

## कानपुर में स्क्रब टायफस को लेकर अलर्ट

# हाई ग्रेड फीवर के रोगी 200 पार, डेंगू के भी 22 मरीज मिल, एक की मौत



कानपुर। कानपुर में हाई ग्रेड वायरल फीवर अब तेजी से फैल रहा है। गुरुवार को पहली बार इस बुखार के रोगियों की संख्या दो सौ को पार करके 206 पर पहुंच गई। इसके अलावा डेंगू के 22, मलेरिया के पांच और चिकुनगुनिया के पांच और रोगी मिले हैं। हाईग्रेड फीवर के बाद शॉक की स्थिति में गए रोगी की मौत हो गई।

आठ को गंभीर हालत में हैलट इमरजेंसी में भर्ती किया गया। इस बीच उरई में मरीज मिलने के बाद स्क्रब टायफस को लेकर अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है गुरुवार को सरकारी पोर्टल यूडीएसपी में हाई ग्रेड फीवर के 144 रोगियों की संख्या जारी की गई। पोर्टल में डेंगू के 17 और चार रोगी मलेरिया के हैं।

मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने भी पांच डेंगू संक्रमितों की रिपोर्ट दी है। हैलट के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में कुल 300 रोगी आए, जिनमें 40 बुखार के थे। इसके साथ ही उर्सला में बुखार के 20 रोगी आए। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संचारी रोग नोडल अधिकारी और सीनियर फिजीशियन डॉ. बीपी प्रियदर्शी ने बताया कि हाईग्रेड फीवर के बाद रोगियों को लिवर की दिक्कत हो रही है।

**ओपीडी में पहुंचे लिवर का एंजाइम बढ़ने के रोगी**

उनकी ओपीडी में बुखार के बाद लिवर का एंजाइम बढ़ने के रोगी आए हैं। बुखार के बाद रोगियों को लिवर की सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। वहीं नवाबगंज के रहने वाले आदित्य (55) की हाई ग्रेड बुखार के बाद मौत हुई। परिजनों ने बताया कि वह अस्थमा के रोगी रहे हैं। बुखार के बाद उनकी हालत बिगड़ गई थी। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**यहां मिले डेंगू, चिकुनगुनिया और मलेरिया रोगी**

कैलाशनगर, हरजेंदरनगर, बेकनगंज, पटेलनगर, कोयलानगर, रतन ऑर्बिट, श्यामनगर, लक्ष्मीपुरवा, नवाबगंज, कृष्णानगर, कुलीबाजार, कल्याणपुर, पुरानी दालमंडी, जाजमऊ, शिवराजपुर, पांडुनगर, ग्वालटोली, स्वरूपनगर, सीएसए आदि। इसके अलावा विभिन्न इलाकों के 87 घरों में डेंगू फैलाने वाले मच्छर का लार्वा मिला है।

**सगुनपुर गांव में कैंप लगा रोगी देखे**

सरसौल क्षेत्र के सगुनपुर गांव में बच्चे की मौत के बाद गुरुवार को कैंप लगाकर रोगी देखे गए। 30 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए। इनकी डेंगू की जांच की जाएगी। इसके साथ ही 15 सैंपल मलेरिया की जांच के लिए भेजे गए। सगुनपुर में बुधवार को देशराज के पुत्र आयुष (2) की मौत हो गई थी। इसके पहले जयराम (60) की मौत हुई थी।

**स्क्रब टायफस की केजीएमयू में होगी जांच**

कानपुर। सीएमओ डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि स्क्रब टायफस को लेकर अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। अगर स्क्रब टायफस के लक्षण वाले रोगी आते हैं, उनके संबंध में सूचना देने के साथ सैंपल भेजें। सैंपल केजीएमयू भेज कर जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही संचारी रोग अभियान में भी स्क्रब टायफस को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

**केजीएमयू से 12 दिन के बाद भी रिपोर्ट नहीं आई**

हाई ग्रेड फीवर और डेंगू के लक्षणों वाले जिन रोगियों के सैंपल केजीएमयू लखनऊ भेजे गए थे, उनकी अभी तक रिपोर्ट नहीं आई। जिला मलेरिया विभाग ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के जरिये 21 सैंपल दो सितंबर को भेजे थे। रिपोर्ट न आने से यह पता नहीं चल पा रहा है कि संक्रमण किस वायरस या बैक्टीरिया का था। मेडिकल कॉलेज ने भी अपने स्तर पर 24 रोगियों के सैंपल केजीएमयू लखनऊ भेजे हैं। सीनियर फिजीशियन डॉ. विशाल गुप्ता का कहना है कि मिश्रित लक्षणों से डेंगू, मलेरिया, हाई ग्रेड फीवर में फर्क मुश्किल हो जा रहा है। सीएमओ डॉ. आलोक रंजन का कहना है कि वे रिपोर्ट पता करेंगे।

## ये लक्षण हों...तो सतर्क हो जाएं

- बुखार के साथ शरीर पर चकत्ते।
- प्लेटलेट्स काउंट का कम होना।
- रोगी के लिवर में दिक्कत आना।
- सांस तंत्र में दिक्कत खड़ी होना।

# जबरन कब्ज़ा मामले पर कानपुर शहर काज़ी ने पुलिस आयुक्त को दिया ज्ञापन

कानपुर। थाना बजरिया अंतर्गत कर्नल गंज लूधौरा स्थित मकान नम्बर 103/290-3के जुज़ भाग 83.61 वर्ग मीटर का बैनामा शमीमा खातून ने 08 जुलाई 2011 को पूर्व स्वामिनी शान्ति देवी से कराया था जिसकी दाखिल खारिज भी अपने नाम से करा लिया था खरीदे हुए भाग के हिस्से में राजवती अनाधिगृत रुप से कब्ज़ा किए थी जिससे न्यायालय के आदेश से 23 नवंबर 2021 को पुलिस आयुक्त कानपुर नगर द्वारा अनुपालन करते थाना बजरिया पुलिस द्वारा पूर्ण रुप से प्रार्थी को मकान का कब्ज़ा दे दिया गया था। प्रार्थी ने भवन पर अपना सामान रख कर ताला डाल दिया था 30 जुलाई 2023 को मुहल्ले के अराजक तत्वों द्वारा प्रार्थी का मकान का ताला तोड़ कर दबंगों ने न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए जबरन कब्ज़ा कर लिया प्रार्थी ने तत्काल पुलिस अधिकारी एवम थाना बजरिया को सूचित किया परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई आज कानपुर शहर काज़ी अब्दुल कुद्दूस हादी के नेतृत्व में कानपुर पुलिस आयुक्त आर के स्वर्णकार को ज्ञापन सौंपा और प्रार्थी को अपना मकान दिलवाने का आग्रह किया ।



# कानपुर योद्धास की कप्तान महापौर ने किया लोगो लॉन्च

## 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन होगा




बीपीएस न्यूज

कानपुर। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में नगर निगम ने 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन किया जा रहा है ।शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ करते हुए इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 में नगर निगम की टीम कानपुर योद्धास के लोगो को कानपुर योद्धास की कप्तान महापौर प्रमिला पाण्डेय द्वारा ढ्ढस्रु2.0 की अध्यक्षता कर रहे नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी0एन0 नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय संखवार ढ्ढस्रु 2.0 के नोडल अधिकारी डॉ अमित सिंह गौर नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी तथा उद्यान अधीक्षक डॉ वी0 के0 सिंह की उपस्थिति में लॉन्च किया गया ।इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक तथा यूथ वॉलंटियर्स के साथ प्लॉग रन,स्वच्छता की चौपाल तथा सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन समाजिक संस्थायें, यूनिवर्सिटीज, स्कूलों तथा कॉलेजों की सहभागित सुनिश्चित की जायेगी। बच्चो को रोमांचक रूप से स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु स्वच्छता की पाठशाला नमक कॉमिक बुक बनाई जाएगी। वार्ड स्तर पर प्रोत्साहन समिति का गठन करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा। 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर महापौर प्रमिला पाण्डेय ने कोरोना महामारी काल में निरन्तर अपनी जान को जोखिम में डाल के कार्य करने वाले कर्मनिष्ट सफाई योद्धाओ को सम्मानित करते हुए भव्य समारोह का आयोजन किए जाने की बात कही। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 को नगर में भव्य रूप से आयोजित होगा।

## सूचना

ऑल मीडिया प्रेस क्लब के चुनाव दिनांक 24 सितंबर 2023 दिन रविवार को होंगे ।वोटिंग सुबह 8 बजे से 5 बजे तक होगी।
**वोटिंग का स्थान:**-ऑल मीडिया प्रेस क्लब कार्यालय 1196/4 मालवीय विहार बर्रा कानपुर
**चुनाव संचालन समिति**
चुनाव अधिकारी:-श्री कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, श्री अतुल निगम श्री संजय शर्मा, श्री अभिषेक श्रीवास्तव ,श्री विजय कुशवाहा श्री कृष्णा शर्मा

# 30 सितंबर तक घर-घर जाकर खोजे जाएंगे कुष्ठ रोगी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे कुष्ठ रोगी खोज एवं नियमित निगरानी अभियान में 18 नए कुष्ठ रोगी मिले हैं। इन मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। पूरे सितंबर माह चलने वाले इस अभियान में 14 दिन में अब तक लगभग 5.85 लाख लोगों की स्क्रीनिंग में 1379 संभावित मरीजों की पहचान की गयी है। वर्तमान में जनपद में 185 कुष्ठ रोगियों का इलाज चल रहा है। जिसमें 35 पीबी और 150 एमबी हैं ।यह जानकारी जिला कुष्ठ रोग अधिकारी (डीएलओ) डॉ महेश कुमार ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ आलोक रंजन ने बताया कि कुष्ठ रोग छूत की बीमारी नहीं है। कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें। यह आम रोगों की तरह ही है, जो मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से ठीक हो जाता है। यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण दिखें तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर अपना इलाज शुरू करा दें । स्वास्थ विभाग द्वारा सभी सरकारी अस्पतालों पर कुष्ठ रोगी मरीजों के लिए दवाएं निश्शुल्क उपलब्ध हैं ??। उपचार में देरी पर दिव्यांगता हो सकती है । यह बीमारी न तो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को होती है और न ही किसी के पापों का फल या अभिशाप। किसी को इन बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 30 तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर रही है । उनकी पहचान कर तत्काल प्रभाव से उपचार उपलब्ध कराए जाने के साथ ही कुष्ठ रोग के बारे में समुदाय को जागरूक किया जा रहा है ।जिला कुष्ठरोग सलाहकार डॉ संजय यादव ने बताया कि कुष्ठ रोग, जिसे हैनसेन रोग के नाम से भी जाना जाता है। यह बैसिलस माइक्रो बैक्टीरियम लेप्राई के जरिए फैलता है। हवा में यह बैक्टीरिया किसी बीमार व्यक्ति से ही आते हैं। यह एक संक्रामक रोग है। यह उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों (एनटीडी) की श्रेणी में आता है। यह छुआछूत की बीमारी बिल्कुल नहीं है। यह रोग किसी कुष्ठ रोगी के साथ बात करने या उसके बगल में बैठने, या छूने से नहीं फैलता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग मुख्य रूप से चमड़ी एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। यह रोग धीरे-धीरे बढ़ता है और कुछ वर्षों में पूरी तरह से कुष्ठ रोग के लक्षण नजर आने लगते हैं। यदि शुरुआत में ही रोग का पता चल जाए और उसका समय से उपचार शुरू कर दिया जाए तो रोगी को दिव्यांगता से बचाया जा सकता है। वर्तमान में औरैया का बैसिलस माइक्रो बैक्टीरियम लेप्राई रेट एक प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने बताया कि घर-घर जाने वाली टीम के द्वारा इन लक्षणों के आधार पर कुष्ठ रोगी की पहचान की जा रही है।

# बिल्हौर तहसील डीएम ने समाधान दिवस में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## चार प्रकरणों में समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में बिल्हौर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए 04 प्रकरणों में समाधान दिवस के पश्चात टीमों को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर भेजा।समाधान दिवस के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए समस्त तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण समाधान करना शासन की मूल प्राथमिकता है, जिसके आधार पर प्राप्त समस्त प्रकार की शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु 04 प्रकरणों की आज ही जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए एवं समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।उप जिलाधिकारी बिल्हौर को निर्देशित किया गया कि आगामी तहसील दिवसों से पर्याप्त मानव एवं आई टी संसाधन सुनिश्चित किया जाए ताकि समाधान दिवस में प्राप्त शिक़ायतो को साथ ही साथ आई0जी0आर0 एस0 पोर्टल पर दर्ज कराया जाए जिससे सम्बन्धित शिकायत कर्ता को तत्काल की गई शिकायत की सूचना उसके घर पहुचने तक आई जी आर एस का रिफ्रेन्श नम्बर कुछ समय मे ही सम्बन्धित के मोबाईल नम्बर पर पहुच सकें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी रश्मि लम्बा, तहसीलदार सदर व अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हापुड़ प्रकरण पर 18 को बार, लायर्स कार्यकारिणी बैठक

ADVOCATE

बीपीएस न्यूज

कानपुर । हापुड़ प्रकरण को लेकर चल रही उथल पुथल के कारण बार एसोसिएशन व दि, लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा विभिन्न जिलो के बार संघों के पदाधिकारियों अधिवक्ताओ से वार्ता की गयी तथा इसी सन्दर्भ में बार कौंसिल ऑफ उ0प्र0 के लगभग 6-7 सदस्यो से परामर्श व बातचीत की गयी।इन सभी पहलुओ एवं निष्कर्ष के बाद बार एवं लायर्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रुप से निर्णय लिया गया कि 16 को सभी न्यायालयो में एकमोडेट रहेगा तथा सोमवार 18 सितम्बर को पुन: दोनो एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्णय लिया जायेगा ।

## पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट के उत्पादन हेतु आर्मी की हरी झण्डी

बीपीएस न्यूज



कानपुर। रक्षा मंत्रालय की डीपीएसयू ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड (जीआईएल) की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं मेक-इन-इण्डिया अभियान के तहत बनाये गये अतिविशिष्ट पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम को भारतीय सेना ने गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता के मानकों पर खरा पाया है। इस संबंध में आर्मी द्वारा बीपीसी (बल्क प्रोडक्शन क्लीयरेन्स) प्रदान करना पैराशूट विनिर्माण के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि है। गौरतलब है कि इस पैराशूट का विकास एवं डिजाइन एडीआरडीई, आगरा द्वारा किया गया है और ओपीएफ ने इस पैराशूट का उत्पादन किया है।

उक्त पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम का अभी हाल ही में 19 मई को आगरा स्थित मालपुरा ड्रापिंग जोन में भारतीय सेना ने सफल ट्रायल किया था। ट्रायल के दौरान भारतीय सेना के अधिकारियों एवं एडीआरडीई के वैज्ञानिकों ने ओपीएफ के इस उत्पाद की जमकर सराहना की थी। अब इस ट्रायल की पूर्ण सफलता के बाद ओपीएफ को बल्क प्रोडक्शन क्लीयरेन्स (बीपीसी) मिल गया है।इस पैराशूट सिस्टम को आईएल-76 एयरक्राफ्ट द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में 7 टन भार के उपकरणों एवं वाहनों आदि को उतारने के लिए किया जाता है। इस पैराशूट की सफलता के बाद एक बार फिर ओपीएफ टीम ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता के दम पर नवकीर्तिमान स्थापित किया है। अतिविशेष प्रकार के इस पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम पैराशूट का उपयोग 7 टन भार वर्ग के वाहनों एवं उपकरणों आदि को दुर्गम क्षेत्रों में ड्राप करने के लिए किया जाता है। इस पैराशूट प्रणाली में पांच मेन कैनोपीज, 5 ब्रेक शूट, 2 सहायक शूट और 1 एक्सट्रैक्टर पैराशूट का एक समूह शामिल हैं।जीआईएल की उत्पादन इकाई ओपीएफ विभिन्न प्रकार के पैराशूटों के निर्माण में एक अग्रणी निर्माणी है। इस उपलब्धि पर ओपीएफ के महाप्रबंधक एम. सी. बालासुब्रमणियम ने कहा कि जीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वी के तिवारी एवं शीर्ष प्रबन्धन के कुशल नेतृत्व में हम लगातार सफलता के नये सोपान चढ़ते जा रहे हैं।पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम का सफल परीक्षण एवं बल्क आर्डर का मिलना हमारे लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।उन्होंने कहा कि ओपीएफ की सशक्त एवं समर्थ टीम के द्वारा हम पैराशूट उत्पादन के क्षेत्र में निरन्तर नए सफल कदम उठाते रहेंगे।

# मछुआ समुदाय को नदी के समस्त अधिकार दिये जाने की मांग पर सौंपा ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।फिशरमैन कांग्रेस के तत्वाधान में संसद के विशेष सत्र एवं जे0 रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को पेश करने, जातिगत जनगणना कराने पिछड़ों का आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने, पिछड़ो अति पिछड़े/ अत्यन्त पिछड़ों के आरक्षण का वर्गीकरण करने एवं मछुआ समुदाय को नदी के समस्त अधिकार दिये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। आजादी के 76 वर्ष के पश्चात भी पिछड़े वर्ग की अधिकतर जातियों की सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षिक और आर्थिक स्थिति अत्यन्त कमजोर है।इसका सबसे बड़ा कारण 1931 के बाद पिछड़े वर्ग की जातिगत जनगणना के जाकड़े ना होना है। वर्ष 2011 में केन्द्र की यू0पी0ए0 सरकार ने जनगणना में जातिगत और आर्थिक आकडे जुटाये।लेकिन 2014 में केन्द्र में बी0जे0पी0 की सरकार आ गयी, बाद में केन्द्र की बी0जे0पी0 सरकार ने जनगणना में पिछड़े वर्ग के जातिगत और आर्थिक आंकड़े पेश नही किये और वर्ष 2021 में शुरू होने वाली जनगणना को भी शुरू नहीं कराया गया। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछड़े वर्ग की जातिगत जनगणना जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक मिलना चाहिए की मांग की और इस लड़ाई को मजबूती से लड़ने के लिए कहा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को जातिगत जनगणना कराने के लिए 16 अप्रैल 2023 को पत्र लिखा। सोनिया गांधी ने भाजपा द्वारा बुलाये गये विशेष सत्र में जातिगत जनगणना पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।केन्द्र सरकार ने 2 अक्टूबर 2017 को ओबीसी वर्ग की जातियों के बंटवारे के लिए जे0 रोहिणी आयोग बनाया। सरकार ने रोहिणी आयोग को तीन काम दिये, पहला ओबीसी के अन्दर अलग अलग जातियों और समुदाय को आरक्षण का लाभ कितने असमान तरीके से मिल रहा है। इसकी जांच करना, दूसरा ओबीसी के अन्दर 27 प्रतिशत आरक्षण बंटवारे, तरीका, आधार और मानदण्ड तय करना और तीसरा ओबीसी की जातियों का उपवर्गों में बांटने के लिए पहचान करना आयोग के 13 बार विस्तार के बाद 31 जुलाई 2023 को आयोग ने अपनी रिपोर्ट महामहिम राष्ट्रपति को साथ दी।सरकार ने भी जे0 रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक नही किया है। रिपोर्ट को सार्वजनिक करना पिछड़ों के हितों के लिए अति आवश्यक है।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राजू कश्यप, गोविन्द कश्यप, राजबहादुर धुरिया, हरी शंकर धुरिया, रामबख्स कश्यप, देवीप्रसाद निषाद, अजय गुप्ता, विमल निषाद, रामलाल गौड़, मुन्नालाल गौड़, संजय बाथम, सुगरीम, गोंड, श्रीशंकर धुरिया, गजोधर प्रसाद, अमरजीत कश्यप, रामचन्द्र कश्यप, नन्दकिशोर कुशवाहा , अग्निहोत्री, हिमांचल निषाद, कमाल खान, मुन्ना लाल, छम्मी निषाद, अमित सिंह चंदेल आदि रहे।

# एक ही छत के नीचे मिलेगा कई स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिल के लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल में कई तरह की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

इसी क्रम में एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच के लिए प्रदेश में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) को तैयार किया जा रहा है। इस लैब में लगने वाली अत्याधुनिक मशीनों के जरिए कई तरह की महत्वपूर्ण जांच जिला अस्पताल में आसानी से हो सकेंगी।कानपुर सहित प्रदेश के 23 जिलों में शनिवार को आईपीएचएल का शिलान्यास किया गया। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ अंजू दुबे ने शनिवार को इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का शिलान्यास किया। मां कांशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर सभागार में आयोजित शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि ह्लकर लो स्वास्थ्य अपनी मुट्ठी मेंह्व की तर्ज पर चिकित्सा क्षेत्र में विकास हो रहा है। गुणवत्तापूर्ण जांच व उपचार सुविधा प्रदान कराने के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास कर रही है।साथ ही डिजिटलीकरण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने सभी चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जांच और इलाज से संबंधित सुविधाएं बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिलाधिकारी विशाख जी व मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार के निर्देशन में जिला स्तरीय इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को मां कांशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैयार किया जा रहा है।इस लैब के बनने के बाद कोरोना, डेंगू, चिकनगुनिया, स्क्रब टाइफस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, कालाजार, डायरिया, टाइफायड, हेपेटाइटिस, संचारी रोगों से जुड़ी जरूरी जांच, कैंसर, अल्जाइमर, अन्य सभी गैर संचारी रोगों की जांच की सुविधा एक ही जगह मिलेगी।

## कृषि अभियन्त्रण महाविद्यालय का छात्र प्रगति के पथ पर अग्रसर



बीपीएस न्यूज

कानपुर । सीएसए के अधीन संचालित इटावा स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा ने अवगत कराया है कि इस महाविद्यालय से वर्ष 2003 में बीटेक कृषि इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त डॉ. विमल मिश्रा इस संकाय के मेधावी छात्र रहे हैं।उन्होने बताया कि वर्तमान में डॉक्टर मिश्रा आईआईटी गांधीनगर गुजरात में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।डॉक्टर मिश्रा ने एम टेक आईआईटी खड़कपुर एवं पीएचडी की उपाधि अमेरिका से प्राप्त की है।डॉक्टर मिश्रा वर्तमान में जलवायु परिवर्तन विषय पर शोध कार्य कर रहे हैं।उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट शोध कार्यों के दृष्टिगत भारत सरकार ने उनको शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है। इस पुरस्कार के लिए भारत सरकार ने पूरे देश के 12 युवा वैज्ञानिकों का चयन किया, , जिसमें डॉक्टर विमल मिश्रा शामिल है।अधिष्ठाता डा. शर्मा ने बताया कि वर्तमान में डॉक्टर विमल मिश्रा बीजिंग चीन में एक कांफ्रेंस में भाग लेने गए हुए हैं। उन्होने व्हाट्सएप के माध्यम से हुई वार्ता में उनको इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है, महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियो, शिक्षकों एवं छात्रों में उनकी इस उपलब्धि के लिए हर्ष का माहौल व्याप्त है।चीन से डॉक्टर मिश्रा ने अपने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए यहां के छात्रों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है।उनकी इस उपलब्धि पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें उज्जवल भविष्य हेतु बधाई दी है।

किसान की खुदकुशी का मामला

## सीएम को खून से पत्र लिखने की चेतावनी, पुलिस ने दो दिन की मांगी मोहलत



बीपीएस न्यूज

कानपुर। एक सप्ताह बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार ने गुरुवार को न्याय संघर्ष समिति के साथ सत्याग्रह किया था। मृतक की पत्नी बिटान, बेटी रूबी व काजल ने सीएम योगी को खून से पत्र लिखने की चेतावनी दी थी।48 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। परिवार के अल्टीमेटम के 24 घंटे बाद एसीपी अमरनाथ यादव किसान के घर पहुंचे। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी दी।साथ ही, कहा कि सभी आरोपियों के परिजनों, सगे संबंधियों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें लगी हैं। रविवार दोपहर तक का समय मांगा है।न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि शनिवार को सुबह 11:30 बजे डीएम कार्यालय पहुंचकर आरोपियों द्वारा कराई गई दाखिल खारिज को निरस्त कराने व परिवार को मुआवजे की मांग की जाएगी।एसीपी ने परिवार को बताया कि डीजीपी के भी निर्देश हैं कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। एसीपी ने उन्हें बताया कि पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भी भेज दी है। इससे रजिस्ट्री और दाखिल खारिज निरस्त हो सकेगी। बताया आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें उत्तराखंड, दिल्ली, मैनपुरी, इटावा, मध्यप्रदेश, आगरा समेत अन्य जगहों के लिए रवाना की गई हैं। मृतक किसान बाबू सिंह की पत्नी बिटान ने पुलिस को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। पुलिस ने जब दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि डॉ. प्रियरंजन ने किसान बाबू सिंह से 25 लाख रुपये में जमीन का एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट डॉ. प्रियरंजन ने अपने साले राजन, ड्राइवर बबलू व अधिवक्ता अशोक गुप्ता के नाम से करवाया था। इसके बाद बिना किसान को खबर लगे यह जमीन राहुल जैन को बेच दी गई थी। रजिस्ट्री में गवाह के रूप में बबलू और राजन के नाम दर्ज हैं।

आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए किसान के खुदकुशी करने से पहले लिखे गए सुसाइड नोट को पुलिस ने जांच के लिए एफएसएल भेजा है। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि सुसाइड नोट में किए गए किसान के हस्ताक्षर का मिलान कराने के लिए पत्र को और किसान की हैंड राइटिंग में लिखे अन्य कागजातों को मिलान के लिए लैब भेजा जाएगा।

# गंगा टास्क फोर्स ने मनाया विश्व ओजोन दिवस





बीपीएस न्यूज

कानपुर।भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने राजीव गांधी पार्क, किदवई नगर, में सर्वजन कल्याण परिषद के साथ मिलकर विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋषभ मिश्रा, विशाल मिश्रा, शैलजा रावत उपस्थित रहे तथा गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह और 17 एनसीसी बटालियन के 45 कैडेट मौजूद रहे।

गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य की दिशा निर्देशन पर गंगा सफाई की जागरूकता अभियान घाट स्वच्छता पौधरोपण विगत 5 सालों से चलाया जा रहा है। इस अवसर एन सी सी कैडेट और वहां पर उपस्थित लोगों को विश्व ओजोन दिवस के बारे में बताया।प्रतिवर्ष 16 सितंबर को मनाया जाने वाले विश्व ओजन संरक्षण दिवस का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत को किस-किस घटक द्वारा ओजोन की परत को हानि पहुंचती है इसके बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई और सूर्य से निकलने वाली अल्ट्रावायलेट किरणें किस प्रकार से लोगों के जनजीवन को, हमारी धरती को पर्यावरण को और यहां के रहने वाले जीव जंतुओं पर किस प्रकार अपना दुष्प्रभाव डालती है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और लोगों को इस चीज की शपथ भी दिलाई गई कि वह पर्यावरण को स्वच्छ हरा-भरा और अपने आसपास के इलाके की साफ सफाई को हमेशा ध्यान रखें।होने वाले नुकसान से धरती पर आने वाले संकट से लोगों को आगाह करना और इसके संरक्षण हेतु जागरूकता पैदा करना है।

# क्राइम ब्रांच ने बरामद किये खोये हुए एक करोड़ के मोबाइल

## डीसीपी क्राइम, एडीसीपी के नेतृत्व में टीम ने बरामद किये मोबाइल



बीपीएस न्यूज

कानपुर। अगर आपका मोबाइल कहीं गुम हो गया या चोरी हो गया है तो निराश होने की जरूरत नहीं है।बस यूपी पुलिस की सबसे भरोसेमेंद यूपी कॉप एप पर शिकायत दर्ज कराईये चंद दिनों में ही कानुपर की क्राइम ब्रांच कमिश्नरेट आपके खोये हुए मोबाइल को खोज कर आपके चेहरे पर मुस्कुान लायेगी। शनिवार को पुलिस आयुक्त डॉ आर के स्वर्णकार की मौजूदगी में ऐसे ही 125 लोगों के मोबाइल लौटाये तो खुश होकर सभी ने पुलिस का धन्यवाद किया।

मोबाइल को खोजने में कई दिनों तक कई जिलों के चक्कर काटने और सर्विलांस के माध्यम से क्राइम ब्रांच डीसीपी सलमान ताज पाटिल के नेतृत्व में एडीसीपी मनीश सोनकर और उनकी टीम ने 125 गुम हुए मोबाइल खोज निकाले जिन्हें पुलिस आयुक्त डॉ आर के स्वर्णकार की मौजूदगी में मोबाइल मालिकों को दिया गया। क्राइम ब्रांच डीसीपी सलमान ताज पाटिल ने बताया कि जनवरी से सितम्बर माह तक यानी दस माह में कुल 504 मोबाइल बरामद किये गये है।जिसमें वेस्ट जोन के 101, ईस्ट जोन में 51, सेंट्रल जोन में 36, साउथ जोन में 45 और क्राइम ब्रांच द्वारा 271 मोबइल अब तक खोजे गये है। बरामद मोबाइल की कीमत करीब एक करोड़ रूपये आंकी गयी है। 125 मोबाइल में अलग अलग ब्रांड के मोबाइल में है लगभग एक मोबाइल आठ से बीस हजार तक का है ऐसे में आकलन है कि बरामद मोबाइल की कीमत करीब एक करोड़ के आसपास है।

## यूपी कॉप बना सहारा पुलिस ने खोजा मोबाइल हमारा

कानपुर ।खोये हुये 125 मोबाइल फोन क्राइम ब्रांच टीम द्वारा बरामद कर धारकों को पुलिस कमिश्नर डॉ0 आर.के. स्वर्णकार द्वारा लौटाए गये।एक जनवरी से अब तक 504 खोए हुए मोबाइल खोजकर उनके हकदारों को दिये।इसी तरह सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चला कर कानपुर नगर यातायात पुलिस के टीएसआई मनोज श्रीवास्तव द्वारा कीड्स दुर्गाप्रसाद विद्या निकेतन हंसपुरम नौबस्ता में छात्र, छात्राओं को यातायात नियमों को पालन करने की अपील की गयी जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण उपस्तिथ रहे ।इधर बारा देवी चौराहा पर प्रभारी आईटी टीएसआई साउथ जोन सेक्टर प्रभारी एवं मीडिया सेल द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर नाबालिग बच्चों द्वारा ई- रिक्शा चलाए जाने चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 2 वाहन सीज एवं 25 वाहनों के खिलाफ चालान किया गया।

## भाजपा नेता की पत्नी से लूट, कनपटी में तमंचा सटाकर मंगलसूत्र छीना

बीपीएस न्यूज

कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्ष की पत्नी के लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। मंदिर जाते समय बदमाशों ने कनपटी में तमंचा लगाकर मंगलसूत्र छीन लिया। सूचना पर पुलिस हरकत में आई और पीड़िता से बोली कि किसी को न बताइएगा वरना बदनामी होगी। इसके साथ ही, पुलिस घटना को भी दबा ले गई।

जानकारी के अनुसार, केशवपुरम निवासी भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी की पत्नी प्रियंका तिवारी रोजाना पनकी रोड स्थित लोधेश्वर मंदिर शाम को जाती हैं।शुक्रवार शाम पांच बजे लगभग जब वह मंदिर जा रहीं थीं, तभी पीछे से साइकिल सवार दो युवकों ने रोका।इसके बाद कनपटी में तमंचा सटाकर मंगलसूत्र उतरने को कहा।महिला के शोर मचाने पर बदमाश मंगलसूत्र छीन कर पनकी रोड की तरफ फरार हो गए।महिला ने मंदिर पहुंचकर पुजारी को आपबीती सुनाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सारी जानकारी लेने के बाद महिला से कहा कि अभी आप घटना के विषय में किसी को ना बताइएगा...वरना बदनामी हो सकती है।


## कानपुर में अब प्लॉट पर कब्जा: एसीपी कार्यालय में बेहोश हुई विधवा, कोर्ट से जस की तस की स्थिति रहने के थे आदेश



कानपुर ।कानपुर के चकेरी में करोड़ों की जमीन हड़पे जाने से आहत किसान की मौत का मामला ठंडा नहीं हुआ कि शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला नौबस्ता में सामने आया है।एक विधवा प्लॉट पर कब्जे की शिकायत लेकर एसीपी नौबस्ता अभिषेक पांडेय के कार्यालय पहुंची।सुनवाई होने से पहले ही वह बेहोश हो गई।एसीपी ने उसे लोको अस्पताल में भर्ती करवाया।महिला को तबीयत ठीक होने के बाद मामले में सुनवाई का आश्वासन दिया है।आवास विकास, हंसपुरम निवासी विधवा साबरी बेगम का आरोप है कि उनके प्लाट पर एक भूमाफिया ने कब्जा कर लिया।उसने कोर्ट की शरण ली, जहां से प्लॉट की स्थिति जस की तस रहने के आदेश दिए गए।पीड़िता के अनुसार उन्होंने प्लॉट के गेट पर कोर्ट का आदेश भी लिखवा दिया।इसके बाद भी भूमाफिया प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।शुक्रवार को उन्हें पूछताछ के लिए एसीपी कार्यालय बुलाया गया था, लेकिन सुनवाई होने से पहले ही वह बेहोश हो गई।

# लश्कर-ए-तैयबा के नेता की मौत का बदला है कश्मीर की अनंतनाग मुठभेड़!

## तीन भारतीय ऑफिसरों की हत्या के बाद बोला आतंकी समूह



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग में आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ में भारतीय सेना के दो अधिकारी और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शहीद हो गए। सूत्रों के मुताबिक, हमले की जिम्मेदारी लेने वाले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कहा कि यह इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में उनके दिग्गज नेता की हत्या का बदला लेने की कार्रवाई थी। लश्कर कमांडर रियाज अहमद, जिसका कोडनेम कासिम था, की 8 सितंबर को पीओके के रावलकोट क्षेत्र में अल-कुदुस मस्जिद के अंदर करीब से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, उसकी मौत से उसके अनुयायियों में आक्रोश फैल गया था, जिसके कारण कोकेरनाग में जवाबी हमला हुआ। अहमद के पिता भी एक आतंकवादी थे जो 2005 में मारे गए थे।

जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के ऊंचाई वाले क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल, एक मेजर समेत तीन सैन्यकर्मी और जम्मू कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक शहीद हो गए जबकि एक जवान लापता है। अधिकारियों ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी।

कोकेरनाग में मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के संयुक्त उग्रवाद विरोधी अभियान के दौरान हुई। गोलीबारी में अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए और तत्काल सुदृढीकरण के बावजूद, अच्छी तरह से जमे हुए आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के कारण उन्हें निकाला नहीं जा सका।मृतक अधिकारियों की पहचान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक और डीएसपी हुमायूं भट के रूप में की गई है। कर्नल सिंह, जो 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर थे, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मेजर धोनैक और डीएसपी भट ने बाद में दम तोड़ दिया। इस बीच, कल के हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए गुरुवार को अनंतनाग में आतंकवाद विरोधी अभियान जारी था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उसने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को घेर लिया है। इनमें से एक आतंकी की पहचान उजैर खान के तौर पर हुई है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनक और डीएसपी हुमायूं भट की अटूट वीरता को सच्ची श्रद्धांजलि, जिन्होंने इस चल रहे ऑपरेशन के दौरान सामने से नेतृत्व करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। हमारी सेनाएं अटूट संकल्प के साथ कायम हैं और उन्होंने उजैर खान सहित 2 एलईटी आतंकवादियों को घेर लिया है।

# सीएम योगी से अब वाट्सअप पर होगी बात जनता की, चलाई अनोखी पहल



लखनऊ। प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए एक नई पहल की है। प्रदेश के नागरिक अब वॉट्सएप के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री ऑफिस के साथ संवाद कर सकेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर लोगों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए चीफ मिनिस्टर ऑफिस, उत्तर प्रदेश के नाम से वॉट्सएप चैनल की शुरुआत की गई है। इस चैनल से जुड़ने वाले लोग आसानी से अपनी बात सीएम ऑफिस के समक्ष रख सकेंगे।

सोशल मीडिया पर सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश सरकार के हैंडल से इस पहल की जानकारी दी गई। सीएम ऑफिस के आधिकारिक हैंडल @CMOfficeUP की ओर से लिखा गया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक 'एक परिवार' हैं। मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'परिवार' के प्रत्येक सदस्य की खुशहाली एवं समृद्धि हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संवाद को लोकतंत्र की आत्मा मानने वाले मुख्यमंत्री जी के 'उत्तर प्रदेश परिवार' के प्रत्येक सदस्य से सहज संवाद के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचार के सशक्त व सरल माध्यम वॉट्सएप का उपयोग करते हुए Chief Minister Office, Uttar Pradesh नाम से आधिकारिक वॉट्सएप चैनल शुरू किया गया है।

संवाद का यह नया प्रभावशाली मंच प्रदेश सरकार से जुड़ी जनहित की सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करेगा। इस चैनल की खास बात यह है कि इससे कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधे व त्वरित सूचनाएं प्राप्त करने के लिए इस वॉट्सएप चैनल से अवश्य जुड़ें। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से संवाद स्थापित करने के लिए वॉट्सएप चैनल के उपयोग की यह अनोखी पहल करने वाले योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं।

# वीआईपी ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस में विजिलेंस का छापा, टीटीई के पास 1.28 लाख नगद और 11 बोतल शराब बरामद



प्रयागराज। राजधानी दिल्ली से प्रयागराज के बीच चलने वाली वीवीआईपी ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस में रेलवे की विजिलेंस टीम ने छापामारी कर शराब और रुपये बरामद किए हैं। यूं तो प्रयागराज एक्सप्रेस में विजिलेंस टीम रात से ही सवार होकर जांच पड़ताल में जुटी थी, लेकिन बुधवार सुबह प्रयागराज जंक्शन पर ट्रेन के पहुंचते ही विजिलेंस अधिकारियों ने 11 बोतल शराब, 1.28 लाख रुपये के साथ दो टीटीई को गिरफ्तार कर लिया। बरामद रुपये, शराब की बोतलों के साथ दोनों टीटीई को विजिलेंस टीम अपने साथ ले गई। दोनों से पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर विजिलेंस टीम ने कई और टीटीई के बयान दर्ज किए हैं।नई दिल्ली से प्रयागराज चलने वाली ट्रेन नंबर 12418 डाउन प्रयागराज एक्सप्रेस में मंगलवार की रात से ही विजिलेंस टीम दोनों टीटीई पर नजर रख रही थी। रात में विजिलेंस टीम ने जांच कर शराब आदि के बारे में जानकारी जुटा ली थी। बुधवार को सुबह ट्रेन प्रयागराज जंक्शन पहुंची तो विजिलेंस टीम ने घेराबंदी बढ़ा दी। प्रयागराज जंक्शन पर टीम के अन्य सदस्य पहले से मौजूद थे। इसके बाद दोनों टीटीई को दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 1.28 लाख रुपये मिले। बताते हैं कि उनके पास बैग में ही 11 बोतल शराब थी। विजिलेंस टीम दोनों टीटीई को अपने साथ लेकर गई है। इस कार्रवाई के बाद विजिलेंस तो चली गई, लेकिन रेलवे अफसर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# पुलिस वाले ने रोमांटिक अंदाज में चोर को किया अरेस्ट

पुलिस कानून लागू करते समय पब्लिक सेफ्टी और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है. वे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क रहते हैं. वे आपराधिक गतिविधियों को रोकते हैं, पता लगाते हैं और जांच करते हैं, सबूत इकट्ठा करते हैं और अपराधियों को दोषी ठहराते हैं. पुलिस अपराध करने वाले या समाज की शांति व व्यवस्था को भंग करने वाले व्यक्तियों को पकड़ती है. कई बार कुछ घटनाएं हिंसक हो जाती हैं और पुलिस को कभी-कभी अपराधियों के प्रति कठोर व्यवहार करना पड़ता है. हालांकि, क्या आपने कभी पुलिस को किसी अपराधी को रोमांटिक तरीके से गिरफ्तार करते हुए सुना है?

हालांकि यह आश्चर्यजनक लगता है, लेकिन हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें पुलिस एक सशस्त्र अपराधी को रोमांटिक तरीके से गिरफ्तार कर रही है. वीडियो में



पुलिस सोफे पर सो रहे एक शख्स के पास पहुंचती है. एक पुलिसकर्मी अजीब तरीके से एक्शन करता है जबकि दूसरा सोए हुए व्यक्ति के पास से बंदूक जब्त कर लेता है. पुलिसकर्मी ने अजीब तरीके से एक्टिंग करते हुए सोते हुए आदमी को जगाने के लिए उसके गाल को बहुत सावधानी से थपथपाया, जबकि दूसरा उसकी बांह को सहला रहा था.जैसे ही सोता हुआ आदमी उठता है और चारों तरफ पुलिस देखता है तो चौंक जाता है. पहला पुलिस वाला उसे सौम्य तरीके से शांत रहने के लिए कहता है. दूसरे पुलिसकर्मी को उसे सामान्य रूप से कुछ समझाते हुए देखा जा सकता है जबकि दूसरा पुलिसकर्मी उसका हाथ आराम से पीछे करता है. बाद में, अपराधी को पकड़कर पुलिस उसे बाहर की तरफ ले जाते हैं. इन्सेन रियलिटी लीक्स द्वारा एक्स पर शेयर किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर नेटिजन्स की मजेदार कमेंट्स आ रही हैं. एक यूजर ने लिखा, यह बहुत शांतिपूर्ण, सहज गिरफ्तारी थी. एक दूसरे यूजर ने लिखा, भाई को अपनी नौकरी से बहुत ज्यादा प्यार है।

# अब मदरसों में संस्कृत पढ़ाई जाएगी, इस राज्य में हुआ ऐलान..लागू होगा NCERT सिलेबस

उत्तराखंड के मदरसों में अब संस्कृत पढ़ाई जाएगी. उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया है कि उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अंतर्गत आने वाले मदरसों में हृष्टश्वक्रज्ञ के सिलेबस को लागू किया जाएगा. इसके अंतर्गत संस्कृत भाषा पढ़ाई जाएगी. इसके लिए बकायदा टीचर्स भी नियुक्त किए जाएंगे. शादाब शम्स का कहना है कि बड़े पैमाने में लोगों का संस्कृत की ओर रुझान बढ़ रहा है.

**मदरसों ने बहुत उत्साह दिखाया**

दरअसल, जानकारी के मुताबिक मदरसा वेलफेयर सोसाइटी ने करीब छह साल पहले तत्कालीन सीएम को पत्र लिखकर अपील की थी कि मदरसों के सिलेबस में संस्कृत को जोड़ा जाए लेकिन इसे अव्यावहारिक बताते हुए मदरसों में संस्कृत पढ़ाने से इनकार कर दिया गया था. लेकिन अब इस दिशा में कदम उठा लिया गया है. उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के



वैज्ञानिक और इस्मालिक शिक्षा को मिलाकर शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण करने के कार्यक्रम को लेकर राज्य के मदरसों ने बहुत उत्साह दिखाया है.

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड चेयरमैन शादाब शम्स ने बताया कि कार्यक्रम के पहले चरण में देहरादून, हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जिलों में चार मदरसों में किए गए शिक्षा के आधुनिकीकरण को देखते हुए करीब 40-50 मदरसों ने हमसे संपर्क कर उनके यहां भी आधुनिकीकरण किए जाने की मांग की है. इन मॉडर्न मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का ड्रेस कोड भी होगा, जो वक्फ बोर्ड तय करेगा.

**स्मार्ट क्लास की व्यवस्था**

शम्स ने यह भी बताया कि फिलहाल 117 मदरसों में भी संस्कृत शिक्षा दी जाएगी. पढ़ाई के साथ स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जा रही है. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, अगर यहां संस्कृत नहीं पढ़ाई जाएगी तो कहां पढ़ाई जाएगी. अब मुस्लिम समाज के लोग भी बदलाव चाहते हैं. मदरसों के अपग्रेडेशन से वे भी खुश हैं.

# कैंसर, लिवर की दवा.. यहां तक कि डाइजीन सिरप भी नकली, बड़ी जालसाजी का खुलासा




भारतीय दवा बाजार में बड़ी जालसाजी का खुलासा हुआ है. दवा माफियाओं की कारिस्तानी की वजह से एक के बाद नकली दवाओं के मिलने का सिलसिला जारी है. 5 सितंबर और 6 सितंबर को एक के बाद एक विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दो दवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया है. जिसके बाद भारत के ड्रग कंट्रोलर ने इन दवाओं को इस्तेमाल ना करने के लिए नोटिस जारी किया है.

**ड्रग कंट्रोलर को नोटिस**

अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन मामलों पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, स्वास्थ्य सचिव और भारत के ड्रग कंट्रोलर को नोटिस जारी किया है. लिवर की नकली दवा और कैंसर की दवा 50 एमजी के इंजेक्शन के भारत में मिलने के बाद ये नोटिस जारी किया गया है.

**बैच नंबर में धांधली**

भारत में मिली दवाओं के बैच नंबर असली दवाओं से मेल नहीं खा रहे. यहां तक कि लिवर की दवा को तो भारत में बेचने का अप्रूवल भी कंपनी के पास नहीं है. कैंसर की दवा का इंजेक्शन के मरीज को दिया जाता है. यानी दोनों ही दवाएं गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए अस्पतालों में इस्तेमाल की जा रही हैं.

ड्रग कंट्रोलर का दावा है कि ये दवाएं कुछ सिस्टम के जरिए यानी दवाओं की सप्लाई चेन के जरिए और कुछ ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से भारत पहुंच रही हो सकती हैं. इससे पहले 31 अगस्त को गोवा में एसिडिटी कम करने के लिए लिया जाने वाला डाइजीन सिरप भी नकली होने की शिकायत आई थी. जिसके बाद भारत में उस सिरप के एक बैच को बाजार से वापस लिया गया था.

**बड़ी जालसाजी का पर्दाफाश**

अगर किसी मरीज को ये दवा दी गई है तो उसकी हालत की समीक्षा करने को कहा गया है. दरअसल भारत और तुर्की में दवा के जो सैंपल मिले हैं उस पर की पैकेजिंग है जबकि ये दवापैकेजिंग में आती है. दवा बनाने वाली कंपनी के पास इन दोनों देशों में दवा बेचने का मार्केटिंग अप्रूवल नहीं है. दवा का बैच नंबर असली दवा से मेल नहीं खा रहा और एक्सपायरी डेट भी फर्जी है. ऐसे में भारत और तुर्की की एजेंसियों को इस मामले की जांच करने को कहा गया है.

**जांच में 53 दवाएं फेल**

31 अगस्त को ड्रग कंट्रोलर ने भारत में दवाओं की रैंडम जांच पर एक रिपोर्ट जारी की थी. इस जांच में 53 दवाएं फेल हो गई थी. 50 दवाएं या तो तय मानक से कम सामान वाली थी, या उसके घुलने में समस्या थी या उसकी लेबल की जानकारी में गड़बड़ी थी. लेकिन तीन दवाएं ऐसी थीं, जिनके निर्माता ने ही उन्हें अपना मानने से इंकार कर दिया. यानी वो दवा मार्केट में कैसे पहुंची.. ये पता नहीं चल पाया. अब सरकार इस बात की जांच कर रही है कि ऐसी नकली दवा को बाजार तक पहुंचाने वाला कौन है और ऐसी कितनी दवाएं मार्केट में मौजूद हैं जो नकली हैं.

# प्लास्टिक का लगातार यूज बना देगा नपुंसक? रिसर्च में हुआ हैरान करने वाला खुलासा


प्लास्टिक एक ऐसी चीज है जिसके बिना आज के दौर में जीना लगभग नामुमकिन है. लेकिन प्लास्टिक को पर्यावरण से खत्म करना या नष्ट करना उतना ही मुश्किल है. ये प्लास्टिक अब बच्चे को जन्म के साथ ही नपुंसक होने के खतरे की ओर ले जा रहा है. इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन की रिसर्च के मुताबिक प्लास्टिक कंटेनर में स्टोर किए गए खाने को इस्तेमाल करने से गर्भवती महिलाओं को खतरा है. ये खतरा उनके पुरुष बच्चों को भी ट्रांसफर हो रहा है.दरअसल, फूड स्टोरेज या लिक्विड स्टोर करने के प्लास्टिक कंटेनर, ये सब आम तौर पर पॉलीकार्बोनेट प्लास्टिक से बनाए जाते हैं. इस प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए उसमें बिस्फेनॉल ए (बीपीए) डाला जाता है जो एक इंडस्ट्रियल केमिकल है. दिल्ली के आईसीएमआर और हैदराबाद के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (एनआईएन) के रिसर्चर्स ने पाया है कि गर्भावस्था के दौरान बीपीए केमिकल पुरुष संतान के फर्टिलिटी सिस्टम पर बुरा असर डाल सकता है. ये रिसर्च चूहों पर की गई है. इसके लिए प्रेगनेंट चूहों को दो ग्रुप में बांटा गया.रिसर्च के लिए एक ग्रुप को प्रेगनेंसी के दौरान चार से 21 दिन के लिए बीपीए केमिकल के संपर्क में रखा और दूसरे ग्रुप को इससे अलग रखा गया. बीपीए के नजदीक रहने वाले चूहों में फैटी एसिड जमने लगे, स्पर्म की ग्रोथ के लिए जरुरी मेंब्रेन के आसपास इस फैटी एसिड से नुकसान होता पाया गया. इस रिसर्च को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर साइंसेज में प्रकाशित किया गया है. बीपीए को लेकर पहले भी कई रिसर्च बता चुकी हैं कि ये केमिकल हॉर्मोन्स को प्रभावित करता है और कैंसर और इन्फर्टिलिटी का कारण बन सकता है. लेकिन अब जन्म से पहले ही प्लास्टिक के बीमार कर देने वाले खतरे भी सामने आ रहे हैं.जान लीजिए कैसे आप प्लास्टिक के खतरे को कम से कम कर सकते हैं. आपके किचन में खाने की कितनी चीजें प्लास्टिक में बंद हैं और ये भी जरुर सोचिएगा कि आप उसमें से कितने प्लास्टिक को दूसरी चीजों से बदलकर छुटकारा पा सकते हैं. लंच प्लास्टिक में बंद, पानी प्लास्टिक में बंद, दूध प्लास्टिक में बंद यहां तक कि बाज़ार का हर सामान प्लास्टिक में बंद है. बाज़ार से राशन आया तो प्लास्टिक पैकेजिंग में और घर में सामान स्टोर हुआ तो वो भी प्लास्टिक में है. नोएडा की रहने वाली अंशु प्लास्टिक को सही तरीके से रिसाइकल करने की कैंपेन से जुड़ी हैं लेकिन प्लास्टिक से छुटकारा पाना इनके लिए भी मुश्किल है.

# जबरन मांग में भरा सिंदूर, तस्वीरें लीं.. ब्लैकमेल कर किया गंदा काम, भेजना चाहता था कोलकाता

फेसबुक पर आपको भी तमाम फ्रेंड रिक्वेस्ट आती होंगी. लेकिन इन्हें एक्सेप्ट करने में सावधानी अगर आप नहीं बरतते हैं तो बड़ी जालसाजी का शिकार हो सकते हैं. फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर अपराधी सीधे-साधे लोगों को शिकार बना रहे हैं. फेसबुक पर चल रहे इस गंदे खेल में कई फंस चुके हैं. कई लड़कियां भी इन जालसाजों की शिकार हो चुकी हैं. हाल ही में फेसबुक पर हुए फ्रॉड का एक चौंका देने वाला मामला झारखंड में सामने आया है.

फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर महिलाओं-युवतियों को जाल में फंसाने, उन्हें ब्लैकमेल करने और यौन शोषण करने वाले युवक मोहम्मद सद्दाम को झारखंड पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरिडीह के गांवा थाना क्षेत्र का वादीडीह निवासी आरोपी ने एक महिला को मिलने के बहाने होटल में बुलाया और जबरन उसकी मांग में सिंदूर भर दिया.

उसने महिला के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसका यौन शोषण भी किया. आपत्तिजनक तस्वीरें उतारीं, वीडियो बनाया और उसे वायरल भी कर दिया. गिरिडीह के साइबर डीएसपी संदीप सुमन ने बताया कि पीड़िता ने बीते 9 सितंबर को इसकी शिकायत दर्ज कराई थी. प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद पुलिस ने रविवार को उसे




पारसनाथ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया.वह महिला को जबरन अपने साथ कोलकाता ले जाने की कोशिश कर रहा था. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है. वह सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुका है. पीड़िता के मुताबिक फेसबुक पर साहिल नाम से प्रोफाइल बनाने वाले सद्दाम ने दोस्ती की. खुद को हिंदू बताया. उसने अपना परिचय इंजीनियर के रूप में दिया और कहा कि वह महाराष्ट्र में जॉब करता है.

इसके बाद उसने महिला के फेसबुक प्रोफाइल से कुछ तस्वीरें उठाकर उन्हें एडिट करते हुए फर्जी वीडियो तैयार कर लिया और उसे भेजकर ब्लैकमेल करने लगा. उसने धमकी देकर महिला को मिलने होटल बुलाया. जबरन उसकी मांग में सिंदूर डाल दिया और कहा कि उसे हमेशा पत्नी की तरह रहना होगा. सद्दाम ने कहा कि उसे उसके साथ कोलकाता चलना होगा. जब महिला ने विरोध किया तब सद्दाम ने पूरे परिवार को जान से मारने और बहन का बलात्कार करने की धमकी दी.आखिरकार महिला ने अपने पति को पूरी जानकारी दी तब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महिला के फोन का इस्तेमाल किया. कोलकाता जाने की बात पर रजामंदी जाहिर करते हुए उसे पारसनाथ स्टेशन बुलाया गया. यहां पुलिस सादे लिबास में तैनात थी. स्टेशन पहुंचने के बाद उसने जैसे ही महिला को ले जाने की कोशिश की, उसे दबोच लिया गया. इस बीच पुलिस जांच में पता चला है कि उसने तीन अन्य महिलाओं और एक लड़की को इसी तरह जाल में फंसा रखा था और उन्हें ब्लैकमेल कर रहा था.

# जज साहब 'कुत्तों' का कुछ करिये..! सुप्रीम कोर्ट में उठा गली-मोहल्ले का दर्द



देश में आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं के बीच आज यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी उठा. इस मसले को लेकर चर्चा कोर्ट में तब शुरू हुई, जब कुत्तों के हमले का शिकार एक वकील हाथ में पट्टी बांधकर पहुंचे और चीफ जस्टिस ने उनसे इसकी वजह पूछी.

**कुत्तों के हमले का शिकार वकील कोर्ट पहुंचा**

कुणाल चटर्जी नाम के यह वकील दरसअल चीफ जस्टिस की कोर्ट में मौजूद थे. उन्होंने खुद कोर्ट में यह मामला नहीं उठाया. लेकिन उनके हाथ में पट्टी बंधी हुई चीफ जस्टिस ने उनसे पूछा कि उन्हें क्या दिक्कत हुई. इस पर कुणाल चटर्जी ने उन्हें बताया कि पड़ोस में ही पांच कुत्तों ने उन्हें घेर लिया. इसी वजह से वो पट्टी बांधे हुई हैचीफ जस्टिस ने वकील के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें तुरंत मदद की पेशकश की. चीफ जस्टिस ने वकील से पूछा कि क्या आपको कोई मेडिकल सहायता की ज़रूरत है. अगर ऐसा है तो मैं रजिस्ट्री को इस बारे में बोल देता हूं. बेंच के दूसरे सदस्य जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने भी टिप्पणी की कि आवारा कुत्तों की समस्या वाकई एक बड़ी दिक्कत बन गई है.सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने बीबी इस मसले की गंभीरता को कोर्ट के सामने रखा. उन्होंने गाजियाबाद में एक लड़के के कुत्ते द्वारा काटे जाने के बाद रैबीज संक्रमण का शिकार होने का मामला उठाया. मेहता ने कहा कि वाकई ये एक बड़ी दिक्कत बन गई है.

पिछले दिनों ही एक वीडियो सामने आया. एक बच्चे को कुत्ते ने काट लिया. शुरुआत में इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया. लेकिन लड़के को जब रैबीज का संक्रमण हो गया, तो उसे हॉस्पिटल ले जाया गया. लेकिन तब तक देर बहुत हो चुकी थी, हालात इस कदर बिगड़ चुकी थी कि उसे मना कर दिया. बच्चे को नहीं बचाया जा सका और उसने पिता की गोद में ही दम तोड़ दिया.चीफ जस्टिस ने अपने अनुभव को साझा करते कहा कि दो साल पहले मेरा लॉ क्लर्क गाड़ी पार्क कर रहा था तो आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया. इसी बीच वरिष्ठ वकील विजय हंसरिया ने चीफ जस्टिस से आग्रह किया कि वो इस पर स्वत- संज्ञान लेकर सुनवाई करें. अलग-अलग हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसले के चलते भ्रम की स्थिति बनी हुई है. इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वो इस पर विचार करेंगे.

गौर करने वाली बात है कि जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है. इस मामले में केरल और बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाएं इस बेंच के सामने लंबित है. सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका केरल के कन्नूर की जिला पंचायत की ओर से भी दायर की गई है जिसमे संदिग्ध पागल' और 'बेहद खतरनाक' हो चुके कुत्तों को उन्हें बिना तकलीफ दिये मारने की मांग की गई है. ये याचिका 11 साल के दिव्यांग लड़के की कुत्तों के हमले में हुई मौत के बाद दायर की गई है.

## ग्रेटर नोएडा: निर्माणाधीन बिल्डिंग में अचानक लिफ्ट गिरी

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाउसिंग सोसाइटी में बड़ा हादसा हो गया है. यह हादसा तब हुआ है जब सोसाइटी के निर्माणधीन इमारत में लिफ्ट अचानक भरभरा कर नीचे गिर गई जिससे चार लोगों की मौत हो गई है और 5 लोग बुरी तरीके से घायल हैं. घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. असल में आम्रपाली ड्रीम विला हाउसिंग सोसायटी के अंदर यह हादसा शुक्रवार सुबह हुआ है.लिफ्ट गिरने वाले हादसे पर डीएम मनीष वर्मा ने कहा कि चार लोगों की मौत हो गई है, पांच लोगों की हालत गंभीर है और शहर के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. हमारी टीम सिटी हॉस्पिटल में मौजूद है. हमारे अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं और वहां कोई नहीं फंसा है. उचित इलाज दिया जा रहा है. जांच चल रही है.

# विश्वेश्वर मंदिर का विध्वंस और निर्माण

**12 ज्योतिलिंगों में से एक काशी विश्वनाथ शिव और पार्वती का आदिस्थान माना जाता है। काशी विश्वनाथ मंदिर को विश्वेर नाम से भी जाना जाता है। विश्वेर शब्द का अर्थ होता है ब्रह्मांड का शासक।**

## मंदिर के निर्माण और ध्वंस की कहानी

इस मंदिर का दोबारा निर्माण 11वीं सदी में **राजा हरीशचंद्र** ने करवाया था। 1194 ईसवीं में मोहम्मद गौरी ने इसे ध्वस्त कर दिया था। परंतु मंदिर का पुन: निर्माण करवाया गया। लेकिन 1447 ईसवी में इसे एक बार फिर जौनपुर के सुल्तान महमूद शाह ने तुड़वा दिया।



## पुराने विश्वनाथ मंदिर को तोड़कर बनी ज्ञानवापी मस्जिद



ब्रिटिश वास्तुकार **जेम्स प्रिंसेप** ने पाया कि परिसर में खड़ी मस्जिद मूल रूप से विश्वेश्वर के मंदिर पर बनाई गई थी जो 1669 में मुगल अत्याचारी औरंगजेब के आदेश के बाद अपने विनाश से पहले अस्तित्व में थी।

## विश्वेश्वर मंदिर की योजना को लिथेग्राफी से नक्शे के जरिए समझाया

नक्शे के अनुसार गर्भगृह में **शिवलिंग (महादेव)** है। उत्तर-दक्षिण रेखीय अक्ष में आगंतुकों के लिए दो छोटे बरामदे (शिव मंडप) को दर्शाया गया। पूर्व-पश्चिम अक्ष में केंद्र में 'द्वारपालों' से घिरे प्रवेश मंडप थे। चार कोनों में तारकेश्वर, मनकेश्वर, भैरों (भैरों) गणेश विराजमान थे।

## मुलायम सरकार के दौरान खड़ी की गई दीवार



गेट नं 4 के पास एक रेलिंग बनी हुई है, जिसे मुलायम सिंह यादव की सरकार ने नवंबर 1993 में बनवाई थी।



## अष्ट मंडप का मैप






शिवलिंग के ठीक सामने नंदी जी बैठे हुए हैं। इन दोनों के बीच का अंतर 83 फीट है। शिवलिंग करीब 4 फीट ऊपर दिखेगा।



अतित के आइने से

# विश्व कप से पहले लय में बने रहने के लिए एशिया कप जीतना अहम : गिल



शुभमन गिल ने कहा कि रविवार को श्रीलंका के खिलाफ होने वाले एशिया कप फाइनल में जीत दर्ज करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे टीम अगले महीने शुरु होने वाले विश्व कप से पहले लय में रहेगी।

भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि रविवार को श्रीलंका के खिलाफ होने वाले एशिया कप फाइनल में जीत दर्ज करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे टीम अगले महीने शुरु होने वाले विश्व कप से पहले लय में रहेगी। गिल ने कहा कि एशिया कप जीतने से टीम आत्मविश्वास से भरी रहेगी।

उन्होंने शुक्रवार को रात बांग्लादेश के खिलाफ सुपर फोर मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''हमारे लिए एशिया कप फाइनल जीतना बहुत अहम है क्योंकि हमें जीत की आदत बनानी होगी। सही समय पर फॉर्म में आना और सही समय पर लय हासिल करना महत्वपूर्ण है।''गिल ने कहा, ''जीत की लय जारी रखना अहम है क्योंकि एक या दो मैच गंवाने से दबाव बन सकता है। यहां खिताब जीतने से हमारी लय बनी रहेगी और विश्व कप से पहले हमारा आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा।'' भारत को शुक्रवार को इस मैच में छह रन से हार का सामना करना पड़ा जिसमें गिल ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हमने किसी तरह की लय गंवायी है। मुझे लगता है कि हमने बांग्लादेश के निचले क्रम के बल्लेबाजों को 10-15 रन अतिरिक्त बनाने दिये। लेकिन इसके अलावा हमने अच्छा क्रिकेट खेला।''

गिल ने कहा, ''लेकिन इस तरह के विकेट पर ये चीजें होती रहती हैं। उम्मीद करता हूं कि हम यहां इन चीजों से सीख लेकर एशिया कप फाइनल और विश्व कप में इसका फायदा उठायेंगे।'' उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई टीम अच्छा क्रिकेट खेल रही है और फाइनल में उन्हें हराने के लिये भारत को अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। गिल ने कहा, ''मुझे लगता है कि वे शानदार लय में हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछला मैच जिस तरह से जीता, उसे देखना शानदार रहा।''इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''हमें उन्हें हराने के लिए अपना शत प्रतिशत देना होगा। हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि विश्व कप से पहले एशिया कप में धीमी पिचों पर खेलना भारत को अच्छी स्थिति में बनाये रखेगा। गिल ने कहा, ''यह बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए ही अच्छा अभ्यास है क्योंकि भारत में हम आमतौर पर ऐसी ही पिचों पर खेलते हैं। अच्छी टीमों के खिलाफ ऐसे विकेट पर दबाव में खेलना निश्चित रूप से विश्व कप में हमारे लिए मददगार रहेगा।

# दिल्ली की अदालत ने बजरंग पूनिया को अवमानना के मामले में निजी तौर पर पेश होने से छूट दी




दिल्ली की एक अदालत ने पहलवान बजरंग पूनिया को उनके खिलाफ कुश्ती कोच नरेश दहिया द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत के मामले में निजी तौर पर पेश होने से एक दिन की छूट दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने पूनिया को राहत दी जब उनके वकील ने सूचित किया कि वह आगामी एशियाई खेलों को देखते हुए अभ्यास सत्र के लिए किर्गिस्तान गए हैं।न्यायाधीश ने इससे पहले छह सितंबर को भी बजरंग को निजी तौर पर पेश होने से चिकित्सा आधार पर एक दिन की छूट दी थी क्योंकि उनके वकील ने कहा था कि वह बुखार से पीड़ित हैं। न्यायाधीश ने तीन अगस्त को बजरंग को छह सितंबर को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा था कि प्रथम दृष्टया पहलवान के खिलाफ अवमानना का मामला नजर आता है।दहिया ने दावा किया है कि बजरंग ने अन्य पहलवानों/व्यक्तियों के साथ मिलकर 10 मई को जंतर-मंतर पर एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा कुछ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### एशिया कप 2023 फाइनल से पहले श्रीलंका को बड़ा झटका

# भारत के खिलाफ मुकाबले से बाहर हुए महीश तीक्षणा




श्रीलंकाई टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के स्टार स्पिनर महीश तीक्षणा हैमस्ट्रिंग के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वहीं उनकी जगह टीम में ऑफ स्पिनर सहान रचिगे को शामिल किया गया है।रविवार 17 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एशिया कप 2023 का फाइनल मुकाबला खेला गया है। लेकिन उससे पहले श्रीलंकाई टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के स्टार स्पिनर महीश तीक्षणा हैमस्ट्रिंग के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वहीं उनकी जगह टीम में ऑफ स्पिनर सहान रचिगे को शामिल किया गया है।बता दें कि तीक्षणा गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चोटिल हो गए थे। जिसके बाद उनके भारत के खिलाफ फाइनल में खेलने पर संस्पेंस था। लेकिन अब उनके टूर्नामेंट से बाहर होने की पुष्टि खुद श्रीलंका क्रिकेट ने की है। इस दौरान श्रीलंका क्रिकेट ने महीश तीक्षणा की चोट को लेकर बयान देते हुए कहा कि, स्पिनर के स्कैन से उनकी मांसपेशियों में चोट की पुष्टि हुई है। इसलिए वह एशिया कप फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और उनकी जगह टीम में सहान अरचिगे को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के खिलाफ तीक्षणा ने 5 ओवर में 14 रन देकर मोहम्मद रिजवान को पवेलियन भेजा था। उनको 34वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चोट लगी थी। इस दौरान वो गेंद को बाउंड्री पार जाने से रोक रहे थे इस दौरान वो काफी दर्द में भी दिखे थे।

# एशिया कप फाइनल में अक्षर का खेलना मुश्किल




रविवार को होने वाले एशिया कप फाइनल के लिए चोटिल अक्षर पटेल के कवर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को बुलाया है। अक्षर को शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम सुपर फोर मैच में कई चोट लग गयी थीं।भारत ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को होने वाले एशिया कप फाइनल के लिए चोटिल अक्षर पटेल के कवर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को बुलाया है। अक्षर को शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम सुपर फोर मैच में कई चोट लग गयी थीं जिसमें भारत को छह रन से हार मिली थी।हालांकि उनकी चोटों की गंभीरता की जानकारी नहीं मिली है लेकिन ऐहतियाती कदम उठाते हुए गेंदबाजी आल राउंडर वाशिंगटन को बुला लिया गया है जो भारत की एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ''अक्षर को कई चोट लगी हैं। उनकी हाथ की छोटी ऊंगली चोटिल है और एक थ्रो से गेंद उनके हाथ में लग गयी थी। उन्हें हैमस्ट्रिंग चोट भी है। इसलिये वाशिंगटन को बुलाया गया है।'' विश्व कप से महज तीन हफ्ते पहले भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चिंता की बात उनकी हैमस्ट्रिंग चोट होगी।

# मोरक्को के खिलाफ रोहन बोपन्न, सुमित नागल और यूकी भांबरी सम्भालेंगे भारत की कमान




लखनऊ। मोरक्को के खिलाफ लखनऊ में शनिवार को शुरू हो रहे डेविस कप विश्व ग्रुप-दो प्ले-ऑफ मुकाबले में स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, सुमित नागल और युकी भांबरी भारतीय अभियान की अगुवाई करेंगे। भारतीय डेविस कप टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में मोरक्को के साथ होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-दो मुकाबले के लिए अपनी पांच सदस्यीय टीम की घोषणा की।

भारतीय टीम का खुलासा करते हुए राजपाल ने कहा कि इसमें दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा सुमित नागल, युकी भांबरी, शशिकुमार मुकुंद और दिग्विजय प्रताप सिंह को शामिल किया गया है। लखनऊ में जबरदस्त उमस भारी गर्मी के मद्देनजर राजपाल ने यह भी घोषणा की कि खिलाड़ियों और प्रशंसकों की सुविधा के लिए मैच का समय बदल दिया गया है ।भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी समिति के सदस्य राजपाल ने आगे कहा, मोरक्को की तरफ से किये गये अनुरोध पर रेफरी के साथ चर्चा के बाद हमने मैच का समय बदलने का फैसला किया। यह टेनिस की बेहतर गुणवत्ता के लिए किया गया है। जरूरत पड़ने पर हम फ्लड लाइट में भी खेलने के लिए भी तैयार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को डेविस कप मुकाबले का ड्रॉ निकलेंगे। राजपाल ने कहा कि डेविस कप 23 साल बाद उत्तर प्रदेश में लौट रहा है और युवाओं और प्रशंसकों के लिए इस अवसर का लाभ उठाने का समय आ गया है।


उन्होंने कहा, यह रोहन बोपन्ना का आखिरी डेविस कप टाई है, इसलिए उन्हें खेलते हुए देखने का शानदार मौका होगा। जूनियर और इस खेल में आने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ियों के लिए बॉल बॉय या वालंटियर बनने का यह एक अच्छा अवसर है। इस बीच, मोरक्को के कोच मेहदी ताहिरी ने भी अपनी टीम की घोषणा कर दी। टीम में इलियट बेंचेट्रिट, यासिन डिलीमी, एडम माउंडिर, वालिद अहौदा और यूनुस लालामी लारौसी शामिल हैं। मेहदी ने कहा, डेविस कप में आप रैंकिंग नहीं देखते हैं। कागज पर भारत का दावा मजबूत है और उसके पास बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन मैच कोर्ट पर खेले जाएंगे और हमें लड़ना होगा। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हम अपने देश को जीत दिलाने के लिए लड़ेंगे।'' डेविस कप मुकाबलों के मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और दूरदर्शन स्पोर्ट्स पर किया जाएगा।

# एशियाड पदक पर नजरें, शादी के पांचवें दिन शिविर में लौटी सविता, हनीमून भी छोड़ा



पेरिस ओलंपिक को लक्ष्य बनाने वाली भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पूनिया अप्रैल में शादी के बाद पांचवें दिन ही शिविर में लौट आई थी, हनीमून पर नहीं गई और अलग टाइम जोन होने के कारण विदेश में बसे अपने पति से फोन पर भी अब कम बात हो पाती है।सविता ने एक इंटरव्यू में कहा , ''मैं तोक्यो की कमी को पेरिस में पूरा करना चाहती हूं। इस साल पांच अप्रैल को मेरी शादी हुई थी लेकिन उसके बाद से सात दिन ही पति के साथ रही हूं। हम हनीमून तक नहीं गए हैं और अब ओलंपिक के बाद ही सोच सकते हैं।''उन्होंने कहा , ''शादी के पांच दिन बाद ही मैं कैंप में आ गई थी। दिसंबर में जाने की सोच रही हूं लेकिन प्रो लीग या कोई और टूर्नामेंट हुआ तो नहीं जा सकूंगी।'' सविता के पति अंकित बलहारा सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के साथ संगीतकार भी हैं और बॉलीवुड की कई फिल्मों में बैकग्राउड स्कोर दे चुके हैं। मूल रूप से रोहतक के रहने वाले अंकित का परिवार कनाडा के वेंकूवर में बसा है। भारतीय कप्तान ने कहा , ''मैं सुबह जल्दी उठती हूं। मेरे पति वेंकूवर में हैं और हमारे टाइम जोन अलग है लेकिन मैं साढे दस बजे फोन बंद कर देती हूं। मैने उनसे कहा है कि मैं बात करने की जिद भी करूं तो आप याद दिलाओगे कि फोन बंद करना है क्योंकि अगले दिन सुबह प्रेक्टिस है। कई बार बहुत बातें करने का मन करता है लेकिन खुद से वादा किया है कि खेलों तक स्क्रीन टाइम बिल्कुल कम रखना है।''सविता ने कहा ,'' हमारी अरेंज मैरिज हुई थी और मेरी सास (मुक्ता चौधरी) ने ही मुझे पसंद किया था जो खुद तीन बार हरियाणा में प्रदेश स्तर पर चैम्पियन एथलीट रह चुकी हैं। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में हमारे सारे मैच देखें और वहीं मुझे पसंद करके बात आगे बढाई थी।'' अपनी सास को अपनी प्रेरणास्त्रोत बताते हुए सविता ने कहा,'' उनका मानना है कि जिस मुकाम तक पहुंचने के लिये अब तक इतनी मेहनत की , शादी की वजह से उस पर असर नहीं पड़ना चाहिये।

# क्लब बनाम देश 'के सवाल पर सुनील छेत्री ने राष्ट्रीय टीम को दी प्राथमिकता



हांगझोउ एशियाई खेलों को लेकर 'क्लब बनाम देश' के मुश्किल सवाल पर भारतीय फुटबॉल 'लूजर' साबित हुई लेकिन देश के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने इन सभी से ऊपर उठकर राष्ट्रीय दायित्व को प्राथमिकता दी। करिश्माई स्ट्राइकर छेत्री ने अपने 18 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये हैं।

कई इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों ने एशियाड के लिए अपने खिलाड़ियों को 'रिलीज' करने से इनकार कर दिया था लेकिन 39 वर्षीय छेत्री ने राष्ट्रीय टीम की अगुआई करने का फैसला किया। पिछले महीने एशियाई खेलों के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की गयी थी लेकिन इसमें से 1[illegible] खिलाड़ियों को उनके संबंधित आईएसएल क्लबों ने रिलीज ही नहीं किया जिसमें डिफेंडर संदेश झिंगन और नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने काफी मुश्किलों के बाद दोयम दर्जे की 18 सदस्यीय टीम चुनी जिसमें छेत्री एकमात्र जाना माना चेहरा हैं।

एआईएफएफ के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, ''वह (छेत्री) इतना प्रतिष्ठित खिलाड़ी है और यह तो पूरी मजबूत टीम भी नहीं है। लेकिन वह अडिग रहा और कहा कि वह देश के लिए एशियाई खेलों में खेलना चाहता है और वह इनके लिए तैयार है। उसे सलाम।'' उन्होंने कहा, ''हम जानते थे कि वह इन सभी मुद्दों से ऊपर उठकर राष्ट्र को प्राथमिकता देगा और उसने ऐसा ही किया।'' छेत्री के क्लब बेंगलुरु एफसी के छह खिलाड़ी शुरुआती 22 फुटबॉलरों की टीम में शामिल थे जिसमें गुरप्रीत भी मौजूद थे। लेकिन क्लब ने दो खिलाड़ियों को ही रिलीज किया जिसमें छेत्री के अलावा एक अन्य रोहित दानू हैं।

अधिकारी ने कहा, ''निश्चित रूप से उसके (छेत्री) क्लब ने हां कहा और उसे रिलीज किया। इसलिये श्रेय बेंगलुरु एफसी को भी जाता है। क्लब ने अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को रिलीज करके बलिदान दिया है जबकि यह फीफा विंडो भी नहीं है।'' क्लब अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने के लिए बाध्य भी नहीं है क्योंकि एशियाई खेल फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में नहीं आते। एशियाड में फुटबॉल स्पर्धा मूल रूप से अंडर-23 मुकाबले हैं जिसमें प्रत्येक टीम में 23 साल के अधिक उम्र के तीन खिलाड़ियों को अनुमति दी जाती है।छेत्री अपने तीसरे एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे। वह जब 22 साल के थे तो पहली बार इंग्लैंड के कोच बॉब हॉटन के मार्गदर्शन में 2006 चरण में खेले थे। तब बाईचुंग भूटिया टीम के कप्तान थे जिन्हें 23 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया था। भारत ग्रुप चरण में बाहर हो गया था। कोरिया के इंचियोन में 2014 चरण में छेत्री को 23 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया था और वह टीम के कप्तान थे। भारत का अभियान इसमें भी ग्रुप चरण में समाप्त हो गया था।छेत्री भारत के लिए 142 मैचों में 92 गोल कर चुके हैं, जो किसी भी भारतीय के सर्वाधिक गोल हैं। वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के सक्रिय खिलाड़ियों में गोल करने के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेस्सी के बाद तीसरे स्थान पर हैं। वह हाल में पिता बने, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने एशियाई खेलों के लिए चीन की यात्रा करने का फैसला किया।

## कानपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बीपीएस न्यूज परिवार की तरफ से जीत की हार्दिक शुभकामनाएं व ढेर सारी बधाई -बी.पी. साहू संपादक


वरिष्ठ उपाध्यक्ष
गौरव सारस्वत


कनिष्ठ उपाध्यक्ष
मनोज यादव


वरिष्ठ मंत्री
मोहित दुबे


कनिष्ठ मंत्री
शिवराज साहू


कोषाध्यक्ष
सुनील साहू

# सपाइयों ने भगवान विश्वकर्मा के छायाचित्र पर किया माल्यार्पण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के तत्वाधान में दुनिया के महान शिल्पकार सृष्टि को सजाने व संवारने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती विचार गोष्ठी सपा कार्यालय नवीन मार्केट में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया 7 इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर शैलेंद्र यादव मिंटू सत्यनारायण अहिरवार नंदलाल जायसवाल सुलेखा यादव आदि ने सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्या अर्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी को महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा के पिता सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी थे भगवान विश्वकर्मा अपने पिता की तरह वास्तु कला के अदिति आचार्य माने गए भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर औजारों निर्माण कार्यों मशीनों दुकानों कारखानों में उनकी पूजा धूमधाम से की जाती है ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण के बाद सृष्टि को सजाने व सवारने की जिम्मेदारी भगवान विश्वकर्मा को सोपी थी वह ब्रह्मा जी के सातवे पुत्र थे वह संसार के पहले शिल्पकार इंजीनियर और वास्तुकार थे उनको वास्तुकला का आचार्य माना जाता है महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे बताया कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर आराधना के साथ औजारों की भी पूजा की जाती है उन्होंने सोने की लंका द्वारकापुरी इंद्रपुरी यमपुरी वरुणपुरी पांडवपुरी कुबेरपुरी शिव मंडल पुरी तथा सुदामा पुरी आदि का निर्माण अपनी वास्तुकार के अनुसार किया था भगवान विश्वकर्मा का अवतार वेदों और पुराणों में अनेको बार बताया गया है भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पकार के रूप में जाना जाता है यह दिन हमारे लिए बहुत खास है >

## विश्वकर्मा पूजा पर मेट्रो स्टाफ ने सार्वजनिक परिवहन सिस्टम विकसित करने की कामना के साथ की

कानपुर। मेट्रो के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रविवार को गुरूदेव चौराहा स्थित मेट्रो डिपो में भगवान विश्वकर्मा की पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर मेट्रो के इंजीनियर्स और स्टाफ ने सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की श्रद्धापूर्वक अराधना की। कानपुर मेट्रो का सिविल निर्माण कार्य 15 नवंबर 2019 को शुरू हुआ था ।महज 2 वर्ष और 1.5 महीने में 28 दिसंबर 2021 में कॉरिडोर-1 आईआईटी से मोतीझील पर यात्री सेवाओं का शुभारंभ कर दिया। गया। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की अर्चना कर शहर और प्रदेश में चल रही विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के समय से पूरा होने तथा प्रदेश में परिवहन क्रांति लाने की कामना की। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के कुशल नेतृत्व तथा कानपुर मेट्रो के इंजीनियरों की मेहनत का ही नतीजा है कि शहर में मेट्रो के प्रॉयरिटी कॉरिडोर (आईआईटी से मोतीझील) का निर्माण समय से पूर्व पूरा किया जा सका। वर्तमान में कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन बचे हुए भाग; चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन, कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्टनगर भूमिगत सेक्शन और बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन पर निर्माण कार्य तेज गति से बढ़ रहा है।

# विधायक सुरेश मैथानी ने राशन कार्ड धारकों एवं कोटेदारों की गम्भीर समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में एक पत्र दिया



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने जिलाधिकारी, कानपुर नगर एवं ए0डी0एम0सप्लाई कानपुर नगर का राशन कार्ड धारकों एवं कोटेदारों की गम्भीर समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में एक पत्र दिया ।विधायक बताया कि, क्षेत्रीय राशनकार्ड धारकों की लगातार शिकायतें आ रही हैं कि, उनको कम राशन मिल रहा है। उक्त की शिकायत जब कार्ड धारक कोटेदारों से भी करते हैं तो, कोटेदारों का आरोप है कि, भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचता है। यह जिम्मेदारी खाद्य विपणन विभाग की है। जिसके कारण गोदाम से आने वाली 50 किलो की एक बोरी में किसी में दो किलो, किसी में चार किलोग्राम तो किसी में 10 से 12 किलोग्राम तक खाद्यान्न कम निकल रहा है ।विधायक ने कहा कि, कोटेदारों तक पहुंचने वाली बोरी में कम राशन का खामियाजा जरूरतमंद राशन कार्डधारकों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके कारण कोटेदार लगातार शिकायत भी दर्ज करा रहे हैं तथा खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर शिकायतें भी दर्ज कराई जा रही हैं।

विधायक ने बताया कि, हमारी सरकार पारदर्शिता के आधार पर राशन की पहुंच को, संपूर्ण रूप से पूर्ण करा कर, उपलब्ध करा रही है। परंतु यह घोर आश्चर्य का विषय है कि इस पर अभी तक जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पहुंची कि, यह बीच में कौन से लोग हैं जो इस प्रकार की अनिमित्तताओं को, पिछले दिनों कब से और कैसे और किनके-किनके सहयोग से रैकेट बनाकर, सरकार को भी चूना लगाकर, भारी गड़बड़ी कर रहे हैं।

# श्रम चिकित्सा सेवाएं कर्मचारी संघ समिति ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा अंतर्गत विधायक सुरेंद्र मैथानी को उनके कार्यालय में जनता दरबार में आए ई0एस0आई0 श्रम चिकित्सा सेवाएं कर्मचारी संघ समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा, पांडू नगर ईएसआई हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर एवं चिकित्सा कर्मचारियो की भीड़ ने, क0रा0बी चिकित्सालय पांडव नगर को क0रा0बी निगम को हस्तांतरित किए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने बताया कि क0रा0बी चिकित्सालय पांडव नगर को क0रा0बी निगम भारत सरकार को हस्तांतरित करने एवं क0रा0बी निगम चिकित्सालय जाजमऊ कानपुर को क0रा0बी योजना उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चिकित्सा कर्मचारीयों ने,विधायक को बताया कि उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा 312 बेड का चिकित्सालय है एवं इस चिकित्सालय में सबसे अधिक संख्या में क0रा0बी औषधालय एवं उनके बीमा अंकित संबंद्ध है ।विधायक ने सहमति जताते हुए कहा कि क0रा0बी चिकित्सालय हस्तांतरित हो गया तो लाखों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इस पर यह प्रयास होगा कि हस्तांतरित ना हो जिससे किसी को कोई भी कठिनाई का सामना न करना पड़े स्वास्थ्य मंत्री से बात करके, इस समस्या का निराकरण करूंगा। और पांडव नगर बीमा अस्पताल को जाजमऊ शिफ्ट करना और जाजमऊ बीमा हॉस्पिटल को पांडव नगर शिफ्ट करने की नीति पर आपके विरोध से भी,मंत्री को अवगत कराऊंगा।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ ऑल मीडिया प्रेस क्लब का नामांकन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ऑल मीडिया प्रेस क्लब के चुनाव 2023 का नामांकन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के एम श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 24 सितंबर 2023 को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन सम्पन्न हो गये है। जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक गुप्ता, हरिनाम सिंह उपाध्यक्ष पद पर सौरभ शुक्ला, राहुल पाल, मनीष कुमार सोनी महामंत्री पद पर रोहित शर्मा मंत्री पद पर गौरव श्रीवास्तव, मोहित शर्मा, अर्पित कुमार कोषाध्यक्ष पद पर राहुल कुमार तिवारी मीडिया प्रभारी के पद पर सुशील शुक्ला, अजय सोनकर कार्यकारिणी सदस्य के पद पर सतनाम सिंह, सोहित सैनी, रंजीत सिंह, नितिश श्रीवास्तव ने नामांकन कराया। चुनाव अधिकारी के रूप में अतुल निगम, के एम श्रीवास्तव, संजय शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, विजय कुशवाहा, कृष्णा शर्मा मौजूद रहेंगे।



# शिक्षकों ने 13 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



कानपुर। माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन ने पुरानी पेंशन बहाली शिक्षक पद पर पदोन्नति कैशलेस चिकित्सीय सुविधा, अवकाश नगदीकरण वेतन विसंगतियों का निराकरण चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की पूर्णकालिक नियुक्तियां तृतीय श्रेणी में पदोन्नति में सी0सी0सी0 की अनिवार्यता समाप्त करने, शिक्षणेत्तर कर्मियों का एकल स्थानान्तरण आनलाइन करने वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मियों की सेवा नियमावली बनाये जाने, 01 अप्रैल या बाद नियुक्त शिक्षकों कर्मियों की बन्द बीमा पालिसी चालू कराने मृतक आश्रितों की नियुक्ति समय व योग्यतानुसार करने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की प्रबन्ध समिति में भागीदारी सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कानपुर में धरना प्रदर्शन कर हुंकार भरी और मा मुख्यमंत्री को मांगों का ज्ञापन भेजने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर को सौपा। साथ ही चयनबोर्ड नियमावली में शिक्षकों की सेवासुरक्षा हेतु बनी धारा 21 व अन्य धाराओं का हटाने पर विरोध व्यक्त किया। प्रदेश उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद जोशी ने कहा संगठन जनपद मण्डल व प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन व संघर्ष कर सरकार का ध्यान आकर्षित कर मांगे पूरी कराकर ही संगठन दम लेगा। संगठन ने जनपद स्तर की समस्याओं का ज्ञापन देकर ऐसी समस्याओं से निजात दिलाने की भी मांग की। धरने में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभात मिश्रा जिला मंत्री उदय राज देवर्षि दुबे रतिकांत पालए बी एल गुलबिया, जयशंकर, पंकज पाण्डेय शाकिर खान धर्मेन्द्र पाठक शशि शेखर बाजपेई, सुरेंद्र कुमार सुरेंद्र कुमार फिरोज खान संदीप तिवारी विनोद द्विवेदी मनोज त्रिपाठी नन्दन धूरिया शैलेन्द्र मिश्रा शमसेर विजय मिश्र अल्पना पाण्डेय नितिन सुनील मौर्य सतीश कुमार संजय यादव शरद तिवारी निखिल तिवारी प्रखर शुक्ल, उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत पनकी से



कानपुर, गोविंद नगर विधानसभा विधायक सुरेंद्र मैथानी द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत पनकी से की गई। जिसमें कलश को लेकर घर-घर जाकर महिलाओं से एक चुटकी चावल लेकर उनके नमन को समेट कर, जिले के माध्यम से दिल्ली भेजने का अभियान विधिवत्त प्रारंभ किया ।विधायक ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर से मिट्टी व एक चुटकी चावल एकत्र कर रहे हैं। इस अभियान में हर एक कार्यकर्ता जोरदारी से अपना सहयोग दे रहा है और इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर वह प्रयत्न कर रहा है जिससे भारी से भारी मात्रा में मिट्टी या चावल को, कलशो में एकत्र कर दिल्ली ले जायी जाये ।उक्त कार्यक्रम में, महिलाओं और बच्चों ने घरों से निकल-निकल कर एवं अपने दरवाजे पर भी बुला-बुलाकर, स्वयं उत्साह के साथ, खुशी मन से, राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ, शहीदों को नमन समर्पण किया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी, पार्षद आरती त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि चौबे, दीपक सिंह, ललित उपाध्याय, अश्वनी कुमार विजय पटेल, सुरेंद्र आलोक कुमार, प्रियंका सिंह, आशा देवी, अश्मिता निगम आदि लोग मौजूद रहे।

## फूल तुम्हे भेजा है ,फूल नही मेरा दिल है गीत सुनकर मंत्रमुग्ध हो गये दर्शक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राघेन्द्र स्वरूप सेन्टर फार परफार्मिंग, आडिटोरियम, सिविल लाइन मे सुप्रसिद्ध गायक मुकेश चन्द्र माथुर के 100 वर्ष पूरे होने पर भूले बिखरे गीतो की संगीतमय शाम जिस देश मे गंगा बहती है कार्यक्रम आरोही संस्था के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज प्रदीप कुमार सिह, पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह, पुलिस कमीशनर आर के स्वर्णकार, नरेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। सुपर स्टार सिगर सोनी टीवी फ्रेम की गुन्तास कौर ने लता मंगेशकर के गीत तेरे बिना जिदगी से शिकवा तो नही ,नाम गुम जायेगा गीत पर दर्शको को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया, उसके बाद गोल्डन वाइस आफ मुकेश मुख्तार शाह ने होठो पर सच्चाई रहती है, कही दूर जब दिन ढल जाये व जो तुमको हो पसंद गीत सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। इसके बाद मुख्तार शाह व गुन्तास कौर ने युगल गीत फूल तुम्हे भेजा है खत मे, एक प्यार का नगमा है, घीरे घीरे बोल कोई सुन न ले गीतो को सुनकर दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अन्त मे भानू प्रकाश शुक्ला (अध्यक्ष आ इ फ़ा), नरेंद्र शर्मा, दिलीप कुमार मिश्रा ने देश व विदेश मे भारत का नाम रोशन करने वाले गोल्डन वाइस आफ मुकेश के नाम से विश्व विख्यात मुख्तार शाह व गुनतास कौर को तिरंगा सम्मान-2023 देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवांगी द्विवेदी ने किया। इसमे प्रमुख रूप से संतु श्रीवास्तव, अमरजीत सिह, विघायक मोहम्मद हसन रूमी, नरेंद्र शर्मा आदि लोगो ने विशेष सहयोग किया ।इस मौके पर रतन राठौर , आई एम रोहतगी, अमित शर्मा, शिनावर खान, ज्योति बाबा, इला जी, अहमद साहब , आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## बीपीएस न्यूज में प्रबंध संपादक सुरेश साहू व बनाए गए संजय संवाददाता




**कार्यालय संवाददाता**

कानपुर। बीपीएस न्यूज कार्यालय में बैठक के दौरान संपादक बी.पी. साहू ने सुरेश साहू को प्रबंध संपादक व संजय को संवाददाता बनाए जाने की घोषणा की। जिसका सभी साथियों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इतना सुनते ही सह संपादक अरुण कुमार अस्थाना ने प्रबंध संपादक व संवाददाता को माला पहनकर शुभकामनाएं दी। इसके बाद संपादक बी.पी. साहू ने दोनों पदाधिकारी को आई कार्ड गले में पहना कर मनोनीत किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। सुरेश साहू व संजय ने भी समाज में पीड़ित लोगों की मदद करने का आश्वासन दिया। कहा कि हम समाज हित के लिए कार्य करेंगे। कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेंगे। जिससे संस्थान की छवि धूमिल हो। साथ ही मेहनत कर संस्थान को ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेंगे ।इसके बाद सभी साथियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस मनोनीत कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी.पी. साहू संपादक, अरुण कुमार अस्थाना, सह संपादक, सुरेश साहू प्रबंध संपादक, संजय संवाददाता, विनय कुमार शिक्षा संवाददाता, नवीन गुप्ता विज्ञापन प्रतिनिधि आदि पत्रकार मौजूद रहे।




# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



कानपुर, आगामी लोकसभा 2024 की चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी एक्शन में दिख रही है भाजपा की केंद्र सरकार हो या प्रदेश सरकार कार्यकर्ताओं हो या पदाधिकारी सभी का बदलाव किया जा रहा है जिसको लेकर भाजपा पार्टी ने कानपुर नगर जिलाध्यक्ष सुनील बजाज को हटाकर जिलाध्यक्ष कानपुर उत्तर दीपू पांडे को कानपुर जिले की कामान सौंप दी है नगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मनोनीत होने पर उनके निज आवास जा करके राघव द्विवेदी भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर एवं ठाकुर शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा कानपुर उत्तर भारतीय जनता पार्टी अपने तमाम समर्थकों के साथ में स्वागत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीद्य राघव त्रिवेदी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत करते ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के इस निर्णय का स्वागत करते हैं हम भारतीय जनता पार्टी के सेवक हैं कंधे से कंधा मिलकर पार्टी को मजबूती देने का काम करेंद्यठाकुर शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के कानपुर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे का भाव स्वागत किया कहां की देश के प्रधानमंत्री का नारा है सबका साथ सबका का विकास समय के हिसाब से परिवर्तन होना जरूरी है नवनिर्वाचित अध्यक्ष के साथ तन मन से आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में कड़ी परिश्रम के साथ फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है।

## गलियों में कूड़े का ढेर से पीलिया बुखार का प्रकोप बढ़ रहा: हाजी फजल महमूद

कानपुर। समाजवादी पार्टी महानगर के तत्वाधान में मतदाताओं से संपर्क अभियान के तीसरे दिन सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के भन्नाना पूर्वा वर्मा सेल रेलवे लाइन की बस्तियों में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में जोनल सेक्टर तथा वार्ड अध्यक्षों के अलावा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मतदाता बनाओ अभियान चलाया और कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सभी 18 वर्ष के छात्र मतदाता सूची में नाम जरूर दर्ज करा कर 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी संख्या मे मतदान करके परिवर्तन का संदेश दें ताकि बेरोजगारी और महंगाई से जनता को निजात मिल सके !सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भीषण गंदगी से सीसामाऊ क्षेत्र में पीलिया बुखार से जनता परेशान है लेकिन नगर निगम गंदगी से निजात दिलाने में असफल हो रही है !कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू कार्यक्रम संयोजक सुजीत शाह सीसामऊ विधानसभा अध्यक्ष आसिफ कादरी वरुण जायसवाल प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राजू शर्मा प्रबुद्ध सभा के नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र द्विवेदी नगर कोषाध्यक्ष नंदलाल जायसवाल हरिकिशन यादव अजय गौड़ अतीक अहमद राजू आसिफ सिद्दीकी फैज अंसारी सतीश यादव गोलू शाह नीलू भट्ट एवं क्षेत्र के तमाम गण मन को प्रमुख रूप से उपस्थित रहे !




बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।